सतना
28 अक्टूबर 2024 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


टेबल टेनिस स्टार..
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### लॉरेंस के भाई ने रची बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की साजिश

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कनाडा में बैठे भाई अनमोल ने रची। रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया, हत्याकांड के आरोपी रामफूल कंजोइया और नितिन सप्रे से पूछताछ के दौरान अनमोल की



साजिश रचने वाली बात सामने आई। अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह उर्फ डब्बू के जरिए हमले को अंजाम दिया। उसे शुक्रवार को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से हथियार भी जब्त किया गया है। डब्बू ही अनमोल और शूटर्स के बीच का लिंक था। उसने राजस्थान से हथियारों का इंतजाम किया था।

### इजरायल ने एक ही हमले में तोड़ी ईरानी सेना की कमर

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल और हमास के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव शनिवार को तब और भी ज्यादा बढ़ गया जब इजरायल की ओर से ईरान पर हमला बोला गया। इस हमले में ईरानी एयर डिफेंस के चार सैनिक मारे गए। इसके बावजूद ईरान इजरायल के हमले को कम करके दिखाने में लगा है लेकिन अब रिपोर्ट आई है कि इजरायल ने अपने हमले



के जरिए ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बड़ा झटका दिया है। इजरायली वायुसेना ने एक दर्जन ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जहां ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए ठोस ईंधन बनता था। इन्हीं मिसाइलों के जरिए ईरान इजरायल पर हमला करता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले समय में इससे ईरान की मिसाइल उत्पादन क्षमता सीमित हो जाएगा।

### झारखंड के बाद महाराष्ट्र में भी कांग्रेस की बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर भारी माथापच्ची हो रही है, तो दूसरी ओर सीटें कम होने के चलते कांग्रेस में टिकट बंटवारे से लेकर आंतरिक बगावत होने की संभावनाएं बढ़ गई है। यह कांग्रेस के लिए टेंशन इसलिए भी क्योंकि पार्टी



के एक प्रत्याशी ने अपना टिकट ही वापस कर दिया है। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन एमवीए के तहत एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट के बीच 85-85 सीटों का फॉर्म्यूला बना है और कांग्रेस पार्टी अब तक 3 लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल 87 नाम है। मतलब साफ है कि पार्टी अपने कोटे के सभी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

# चंद्रमा पर खोज के लिए अंतरिक्ष स्टेशन पर बनेगा लॉन्चिंग पैड



### इसरो के चेयरमैन ने भारत के लैंडर तकनीक में महारत हासिल करने की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जल्द ही लैंडर टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर लेगा, साथ ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है।

यह बात भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ ने कही। वह नई दिल्ली के रंग भवन में आकाशवाणी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान 2024 में 'भारतीय अंतरिक्ष यात्रा' नई सीमाओं की खोज' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। अपने व्याख्यान में, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सोमनाथ ने भारत के अंतरिक्ष विजन 2047 के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने चंद्रमा पर भारतीय लैंडिंग के मिशन के बारे में भी विस्तार से बाताया। डॉ. सोमनाथ ने चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग पॉइंट के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष स्टेशन की अवधारणा को पेश करते हुए कहा, इसरो ने लैंडर तकनीक में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने रियूजेबल रॉकेट के विकास के बारे में भी विस्तार से बात की और भविष्य की खोज की योजनाओं के बारे में बताया। इसमें चंद्रमा और मंगल पर सफल मिशनों के बाद शुक्र की कक्षा, सतह का अध्ययन करने के लिए मिशन शामिल थे। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष मिशनों के अलावा, इसरो प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और नेविगेशन में देश की अनुप्रयोग आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

# कोई सरकारी एजेंसी नहीं करती है वीडियो कॉल

### 'डिजिटल अरेस्ट' पर पीएम मोदी ने देश को किया आगाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। कई लोग इसमें फंसकर अपने मेहनत





की कमाई गंवा भी चुके हैं। हालांकि, पुलिस और सरकार की ओर से लगातार डिजिटल अरेस्ट से बचने को लेकर कई सुझाव सामने आते रहते हैं। फिर भी इन मामलों में लगाम लगती नहीं दिख रही। ऐसे में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को इस संबंध में आगाह किया। उन्होंने एक वीडियो क्लिप के जरिए बताया कि कैसे साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिए लोगों को ठगते हैं। पीएम मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें संस्करण में लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया। पीएम मोदी ने बताया कि जांच एजेंसियां इस मुद्दे से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। पीएम मोदी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं करती है। पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में बताया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट से बचा जा सकता है। पीएम मोदी ने इस दौरान धोखाधड़ी करने वालों के तौर-तरीकों को दिखाते हुए एक वीडियो क्लिप भी दिखाया।

उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहें। कानून के तहत डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी सरकारी एजेंसी इस तरह की किसी जांच के लिए आपसे कभी भी फोन या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाले खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स और कभी-कभी बैंक के अधिकारी बताते हैं।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर मोदी सरकार सहमत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात



की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था।

# राजस्थान की 7 सीटों पर बीजेपी ने रचा 'चक्रव्यूह'




**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने 'खास प्लान' तैयार कर लिया है। इस प्लान के चलते बीजेपी ने सातों विधानसभा सीटों पर 'चक्रव्यूह' तैयार किया है। बीजेपी इन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार को घेरने के लिए अपनी रणनीति को क्रियान्वित करने का प्रयास करेगी। इसके तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम सहित 12 मंत्री और 34 नेताओं ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। इधर, बीजेपी सातों सीटों में से अधिक से अधिक सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब है। बीजेपी की सोशल मीडिया टीम भी एक्टिव होकर अपने मिशन में जुट गई है। देवली उनियारा विधानसभा सीट पर बीजेपी की तरफ से पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर उम्मीदवार है। इसको लेकर पार्टी ने जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चैधरी, जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर को नियुक्त किया है। इसी तरह सांसद दामोदर अग्रवाल, बंशीलाल खटीक को चुनावी रणनीति को लेकर जिम्मेदारी सौंप गई है। रामगढ़ सीट के लिए बीजेपी ने अपने दो मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है, इनमें सहकारिता मंत्री गौतम दक और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शामिल है। इसके अलावा बीजेपी के प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, मुकेश गोयल को भी रामगढ़ विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- **कांग्रेस की शिकस्त के लिए हर सीट पर लगाए 2 महारथी**
- **प्रमुख नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी, जमीनी स्तर पर**

# 'लव ट्रैप' और नौकरी छोड़ने के लिए बनाया जा रहा दबाव

- **बांग्लादेश में हिंदुओं को बदनाम और परेशान करने के लिए कट्टरपंथियों की नई साजिश**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय एक नई तरह की मुश्किल का सामना कर रहा है। पहले जहां सीधे हमले या हिंसा देखने को मिलती थी, वहीं अब उनके साथ भेदभाव और धमकियों का सिलसिला शुरू हो गया है। कट्टरपंथी संगठन उन्हें सामाजिक बहिष्कार, बदनामी और अन्यायपूर्ण रवैये के जरिए निशाना बना रहे हैं। धार्मिक भेदभाव की इस नई लहर ने देश के हिंदू समुदाय में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। दूसरी तरफ कट्टरपंथी संगठनों ने हाल ही में हिंदुओं को बदनाम करने के लिए कथित तौर पर नया अभियान शुरू कर दिया। इस





अभियान का नाम 'लव ट्रैप' है। इस अभियान में वे झूठा आरोप लगाते हुए अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदू पुरुष मुस्लिम महिलाओं को लुभाकर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। बांग्लादेश के कई इलाकों में इस मुद्दे पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें मुस्लिम महिलाओं से सावधानी बरतने की अपील की गई है। इस तरह का अभियान धार्मिक तनाव को और बढ़ावा दे रहा है और हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

# महाराष्ट्र चुनाव से पहले जयशंकर ने चला 'विदेशी निवेश' का दांव

### कहा-विदेशी निवेश के लिए राज्यों में बेहतर प्रदर्शन वाली सरकार की है जरूरत

### विदेश मंत्री ने कहा-केंद्र सरकार के साथ तालमेल से बढ़ता है निवेशकों का भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दीवाली से पहले मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकास कार्यों की रफ्तार का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि आजादी के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महाराष्ट्र का योगदान सबसे अधिक रहा है।



विदेश मंत्री ने जर्मनी के चांसलर की भारत यात्रा और पीएम मोदी के सिंगापुर दौरे, जी-7 मीटिंग, अमेरिका दौरे का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस भारत में निवेश लाने पर है। जयशंकर ने डबल इंजन की सरकार का जिक्र कर महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी सरकार लाने की भी पैरवी भी कर दी। विदेश मंत्री ने अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग इंडस्ट्रियल पॉलिसी से जुड़े सवाल का जवाब दिया। महाराष्ट्र की दुनिया में छवि भी बनेगी। जयशंकर ने कहा कि विदेशी निवेशकों का महाराष्ट्र में बहुत रुचि होती है। ऐसे में महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है जो केंद्र के साथ मिलकर नीतियों की समानता के साथ प्रोजेक्ट को जमीन पर उतार सके।

### जयशंकर बोले- चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना होगा अगला स्टेप

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। दूसरा- पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है। दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

### सीजेआई बोले-वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं

# सरकार के प्रमुख से मिलना कोई डील होना नहीं है

### कहा-अगर लेटर पर ही निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा

**पुणे (एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा- हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मेच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी पीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। पीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता। अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह



समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3.30 बजे उठता हूं और सुबह 6.00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है, जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है। **कोलेजियम की जिम्मेदारी राज्य-केंद्र और ज्यूडिशियरी में बंटी-** कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती। ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मेच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है।

हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है। सोशल मीडिया के कारण फैसला सुनाने में पूरी दुनिया की न्यायपालिकाओं में बदलाव आया है।

संक्षिप्त समाचार

## भोपाल ऐसी राजधानी, जहां घूमते मिल जाएंगे टाइगर



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल ऐसी राजधानी है, जहां टाइगर सड़कों पर घूमते मिल जाएंगे। राजा भोज ने शहर को बसाया। भीमबेटका से लेकर श्यामला हिल्स तक रॉक पेंटिंग यानी, शैल चित्र मिलते हैं, जो पाषाणकाल की मानी जाती है। इसका मतलब ये है कि भोपाल 30 हजार साल से रहने लायक जगह है। यह कहना है क्रेडाई (कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष मनोज मीक का। वे भोपाल को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ऑनलाइन सर्वे करवा रहे हैं। उन्होंने बताया, अब तक सैकड़ों लोग सुझाव दे चुके हैं। मनोज मीक ने बताया, भोपाल की कई खूबियां हैं। यहां टाइगर है। शहर के बीचोंबीच नेशनल पार्क है। पास में रातापानी अभयारण्य है। 30 हजार ईसा पूर्व से रहने योग्य स्थान और इसके प्रमाणिक पाषाण कालीन शैल चित्र भी मिल चुके हैं। वहीं, 1010 ईसवीं में राजा भोज का बसाया शहर है। भारत का सबसे बड़ा लैंड लॉक क्षेत्र, लार्जेस्ट अर्बन फुट प्रिंट्स भी मिले हैं। बावजूद भोपाल को वैश्विक पहचान नहीं मिल पाई है। इसलिए अब इसे ग्लोबल स्टेज पर ले जा सकते हैं। मनोज मीक ने हाल ही में क्रेडाई ने मुख्य सचिव अनुराग जैन से मुलाकात की थी। इस दौरान सकारात्मक चर्चा हुई। इससे प्रेरित होकर यह ऑनलाइन सर्वे शुरू किया गया है। इस सर्वे का मकसद यह जानना है कि कौन–सी विशेषता भोपाल को वैश्विक स्तर पर पहचान दिला सकती है। इसमें शहर के तीन मुख्य पहलुओं पर वोट करने का अवसर दिया जा रहा है। भोपाल की आबादी 30 लाख से अधिक है। अध्यक्ष मीक ने बताया, इस जनसंख्या के आधार पर सर्वे के सटीक और भरोसेमंद परिणाम पाने के लिए जितनी प्रतिक्रियाएं आवश्यक मानी जाती हैं। सर्वे को उससे अधिक रिस्पॉन्स मिला है। यह पर्याप्त डेटा संग्रह है। भोपाल के बड़े और विविध जन समूह की राय को सही तरीके से दर्शा सकता है। आयोजक और अधिक समर्थन के पक्षधर हैं। इसलिए पोलिंग अभी जारी रहेगी।क्रेडाई का उद्देश्य जनता की राय के आधार पर राजधानी भोपाल की एक मजबूत ब्रांड पहचान तैयार करना है, जो लॉजिस्टिक, पर्यटन, निवेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भोपाल की पहचान को बढ़ावा दे सके। अध्यक्ष मीक ने कहा कि यह सिर्फ एक सर्वेक्षण नहीं है, बल्कि हर जागरूक नागरिक के पास भोपाल की वैश्विक पहचान को आकार देने का मौका है। हम अपनी राजधानी के उत्कृष्ट विकास के लिए निरंतर प्रद करते रहेंगे।

## निकाय कर्मचारियों को भी दीपावली के पहले होगा वेतन भुगतान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को भी दीपावली से पहले ही वेतन भुगतान किया जाये। इसी संदर्भ में नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त श्री भरत यादव ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिये है कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से निकायों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों, संविदा कर्मियों सहित आऊटसोर्स कर्मियों को भी अक्टूबर के वेतन का भुगतान दीपावली से पहले ही कर दिया जाये। आयुक्त श्री यादव ने कहा है कि जिन निकायों में वेतन भुगतान की राशि संबंधी स्थापना व्यय चुंगी क्षतिपूर्ति से प्राप्त राशि से अधिक है, वहां निकाय अपनी निधि से कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करें। आयुक्त श्री यादव ने निकायों में कार्यरत सभी श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन भुगतान दीपावली से पहले ही करने के साथ ही नगरीय निकाय संचालनालय स्तर से इसकी मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश भी

# दीपावली के पहले नरेला विधानसभा में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दीपावली के पहले नरेला क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं कटर मशीन से घास काट, झाड़ू लगाकर इसका शुभारंभ किया। श्री सारंग ने कहा कि इस अभिनव पहल से सफाई मित्रों के साथ नागरिक और कार्यकर्ता भी जुड़ेंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में आज एक वृहद सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया है।


दीपावली के पहले सभी तरह की सुविधाओं के सुचारू संचालन के अभियान की यह शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दीपावली पर हम घर की साफ सफाई साज सज्जा करते हैं उसी प्रकार मोहल्ले और कॉलोनी को साफ स्वच्छ बनाने के लिए इस वृहद अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसमें नाले नाली की सफाई, सीवरेज समस्या को दूर करना, रोड की मरम्मत, बंद स्ट्रीट लाइट जलाना आदि काम भी किए जाएंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सैकड़ों की



संख्या में लोग इसमें भागीदारी करेंगे। नागरिक और कार्यकर्ता भी इसमें सहभागी बनेंगे। इस अभियान में पार्क और महापुरुषों की प्रतिमाओं को भी स्वच्छ किया जाएगा। पब्लिक यूटिलिटी वाले सामुदायिक शौचालय की भी सभी व्यवस्थाएं सुचारू सुनिश्चित हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। शनिवार को वार्ड क्रमांक 36, 39, 44 एवं वार्ड क्रमांक 79 में दीपावली पर्व के पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ करने के साथ साथ स्ट्रीट लाइट, डिवाइडरों की सफाई/पुताई, शौचालयों की सफाई पार्कों की सफाई के साथ सीवेज संबंधी समस्याओं का एक साथ निराकरण व्यापक रूप से किया गया।

शुभारंभ के अवसर एमआईसी सदस्य अशोक वाणी, टीना यादव अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल प्रभारी नरेला विधानसभा, देवेंद्र सिंह चौहान अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल एवं समस्त पार्षद नरेला विधानसभा मुख्य रूप से सम्मिलित हुए।

## मंत्री राजपूत ने निर्माणाधीन महाविद्यालय और सीएम राइज स्कूल का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने जैसीनगर जिला सागर में निर्माणाधीन महाविद्यालय सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों भवनों का निर्माण समय अवधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। सुरखी विधानसभा क्षेत्रवासियों को शिक्षा के क्षेत्र में यह बड़ी सौगात है, जिसमें बच्चे पढ़–लिखकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## एमएसएमई मंत्री काश्यप ने की केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया से भेंट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया से भेंट कर देश में खेलों के विकास पर चर्चा की।

उन्होंने श्री मांडविया को क्रीड़ा भारती द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। केन्द्रीय खेल मंत्री से श्री काश्यप के साथ क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री राज चौधरी, संगठन मंत्री प्रसाद महानकर एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री भानु सचदेवा ने



भी मुलाकात की। खेलों के विकास में क्रीड़ा भारती के योगदान से अवगत कराते हुए श्री काश्यप ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। ओलंपिक में भारतीय खिलाडियों के प्रदर्शन को और उत्कृष्ट बनाने तथा भारत में अगले ओलंपिक के आयोजन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## भोपाल में 10-14 साल के राइडर्स ने दिखाया दम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में रविवार को गांधी नगर के फादर एंजिल स्कूल के सामने ग्राउंड में नेशनल सुपर क्रॉस चैंपियनशिप शुरू हो गई। एसएक्स–1 क्लास में राइडर्स ने दम दिखाए। गॉड स्पीड रेसिंग एसोसिएशन और भोपाल मोटर स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप में 80 से ज्यादा राइडर्स ने हिस्सा लिया। यह एफएमएससीआई नेशनल सुपर क्रॉस चैम्पियनशिप का तीसरा राउंड है। यहां 10 से 14 साल एज ग्रुप के राइडर्स ने भी अपना कमाल दिखाया। इससे पहले इसका पहला और दूसरा राउंड नासिक और कोयंबटूर में हो चुका है। अगले राउंड पंचगनी, कोच्चि और बेंगलुरु में आयोजित होंगे। प्रतिभागियों का कहना है कि यहां का ट्रैक काफी मुश्किल और चैलेंजिंग था।नेशनल सुपर क्रॉस चैंपियनशिप का यह इवेंट 10 क्लासेज में हो गया है। इसमें 10 से 14 साल के राइडर्स आकर्षण का केंद्र रहे। बेंगलुरु से आई जूनियर क्लास एसएक्स फोर में परफॉर्म करने वाली 14 साल की अलीना ने बताया



कि, नेशनल सुपर क्रॉस चैंपियनशिप के तीसरे राउंड में गिरने की वजह से सही परफॉर्म नहीं कर पाईं। उन्होंने बताया कि मुझे परिवार के सभी लोग इस खेल के लिए प्रेरित करते हैं और बहुत सपोर्ट करते हैं। मैं वीकेंडस में ही प्रैक्टिस कर पाती हूं। अलीना 9वीं की छात्रा हैं। प्राइवेट एक्सपर्ट क्लास में थर्ड पोजिशन पाने वाले भोपाल के मोहम्मद तालिब ने बताया कि, मैं लंबे समय से भोपाल में परफॉर्म कर रहा हूं। मैं करीब सात साल से गाड़ी चला रहा हूं, मुझे शहर के कुछ अनुभवी राइडर्स मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अनीस और मुजफ्फर अली ने ट्रेंड किया है।

## मंत्री पटेल ने किया श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण प्रेस बरमान चौराहा करेली, नरसिंहपुर में शनिवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ. राजकुमार आचार्य ने की। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटैल, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालमसिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री सुनील जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह पटैल, नपा अध्यक्ष करेली श्रीमती सुशीला ममार व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा अन्य जनप्रतिनिधि, प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष, सचिव, अन्य सदस्य और गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, पत्रकारजन मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके उपरांत सभी अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी एक क्रांतिकारी पत्रकार थे और उन्हें हिन्दी पत्रकारिता का प्रमुख स्तंभ माना जाता है। वे पत्रकारिता जगत का एक ऐसा नाम थे, जिनके लेखन से ब्रिटिश सरकार भी डरती थी। किसानों एवं मजदूरों को हक दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया तथा आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय रहे थे। भारतीय इतिहास के एक सजग पत्रकार, देशभक्त, समाजसेवी और स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता थे। आज उनकी प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण करने के लिए है।

## सफलता के नए आयाम छूने का संकल्प लें-कौशल विकास मंत्री टेटवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने संभागीय आईटीआई गोविन्दपुरा, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में आत्मविश्वास और अपने कौशल में निरंतर वृद्धि करते हुए अपने सपनो को पूरा करते हुए देश और प्रदेश की प्रगति में योगदान देने की बात कही।

अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को अपने कौशल को निखारने और इसे समाज और राष्ट्र की प्रगति में उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज का युग कौशल का युग है, जिसमें न केवल रोजगार के अवसर हैं, बल्कि समाज निर्माण की



असीम संभावनाएं भी हैं। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि आपकी कड़ी मेहनत और लगन से म.प्र. को कौशल विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हमारा सपना पूरा होगा। समारोह में आईटीआई के विभिन्न 30 व्यवसायों से उत्तीर्ण 90 प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सराहा गया। ताकि उनके प्रयासों को प्रेरणा मिले और वे अपने भविष्य में उच्चतम लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों। भोपाल नगर निगम की महापौर श्रीमती मालती राय और आईएमसी आईटीआई भोपाल की चेयरमैन श्रीमती उमा शर्मा ने छात्रों को अपने कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और समाज में योगदान देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी परियोजना संचालक श्री गौतम सिंह, अतिरिक्त संचालक श्री एम. जी. तिवारी, संयुक्त संचालक श्री डी. एस. ठाकुर, और आईटीआई के प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। समारोह के अंत में अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें यह संदेश दिया कि उनके कौशल और समर्पण से न केवल उनके जीवन में परिवर्तन आएगा, बल्कि समाज और देश की प्रगति में भी योगदान होगा।

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि वरदान है- मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को शासकीय नहीं माने बल्कि यह हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारी को बताने वाला कार्यक्रम है। हमें यह देखना होगा कि इन कार्यक्रमों में हमारा कितना योगदान है। दिव्यांगजन अपने आप को कमतर नहीं आंकें। आपके भीतर अद्भुत प्रतिभा छिपी है। अपनी ताक़त को पहचानें। यह बात मंत्री श्री पटेल ने पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल आर्टिफिशियल डिसेबिलिटी असिस्टेंस डेवलपमेंट (एडिप) योजना के तहत आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर में शामिल हुए। यहां जिले की गोटेगांव, नरसिंहपुर व करेली



विकासखंड के दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित किया गया था। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इन सहायक उपकरणों के सहारे विशेष आवश्यकता वाला कोई भी व्यक्ति अपने बौद्धिक हुनर का प्रयोग कर अपनी जीवन रूपी पटरी को सामान्य लोगों की तरह सही स्तर पर ला सकता है। जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें शिविरों के माध्यम से चिन्हित किया गया था, उन्हें आज सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरित किए जा रहे हैं, मैं उन सभी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम सहयोग करने का प्रयास है। इससे दिव्यांगजनों के किसी अन्य व्यक्ति पर आश्रित होने के भाव को कम किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनके पास आय का कोई ज़रिया नहीं है, उनके सहायक उपकरण खराब होने अथवा मरम्मत के लिए उन्हें किसी से ना कहना पड़े, इसके लिए उन्होंने दमोह लोकसभा सांसद होने के दौरान यह तय किया था कि समाज के ही सामर्थ्यवान लोगों द्वारा इन उपकरणों की मरम्मत का जिम्मा लिया जाये। इसी क्रम में आज नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे ने इन दिव्यांग व्यक्तियों के उपकरणों के सुधार कार्य के लिए यह बीड़ा उठाया है। जनप्रतिनिधियों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे अपना हर संभव सहयोग प्रदान करें। अपने– अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर इसकी सूची तैयार करें और समाजसेवा का यह संकल्प लेकर जायें। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने मंच से श्री फरहान खान को स्मार्टफोन, श्री मोहन लाल प्रजापति व श्री जमना गौड़ को डिजिटल स्टिक और श्री कमल कुमार जैन, श्री गोपाल कुशवाहा व श्री सूरज कौरव को कान की मशीन वितरित की।

# जिला कलेक्टर की नाक के नीचे चल रहा भ्रष्टाचार कमीशन के दम पर अधीक्षकों को दिया गया प्रभार

## गरीब बच्चों के हक का करते हैं हजम, शिकायत पर भी नहीं होती कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रावासों में कमीशन के आधार पर अधीक्षकों को प्रभार दिए जाने का चलता है खेल। इस खेल में शासन के नियमों का किया जाता है खुलेआम उल्लंघन लेकिन कमीशन के खेल कितना दाम है ना कोई जांच ना कार्रवाई नहीं हो पा रही है। छात्रावासों में अधीक्षकों के प्रभार के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अधीक्षक को तीन वर्ष से अधिक किसी भी छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार न दिया जाए। जैसे ही किसी अधीक्षक का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, उसे विद्यालय में पढ़ाने के लिए वापस किया जाए। और पुनः कम से कम तीन वर्ष के बाद ही किसी अन्य छात्रावास के अधीक्षक पद का प्रभार दिया जाए। लेकिन इन सब



आदेशों का जिला आयुक्त प्रभारी के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता जिले में कमीशन के खेल के कारण इस नियम का जमकर माखौल उड़ाया जा रहा है, जिला मुख्यालय में ही कुछ छात्रावास अधीक्षक ऐसे हैं जो लगभग पिछले 10 से 20 वर्षों से अधीक्षक के पद पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं और प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा ऐसे अधीक्षकों को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर महीने प्रभारी आयुक्त को मोटी रकम प्राप्त हो जाती है।

70 फीसदी से ज्यादा अधीक्षक अन्य वर्ग के आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत जिले में एक सैकड़ा से अधिक छात्रावास संचालित हैं, वहीं जिला मुख्यालय में करीब 20 छात्रावास संचालित हैं। विभागीय सूत्रों की बात माने तो जिले में करीब सत्तर फीसदी छात्रावासों में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग से परे हटकर अन्य वर्ग के अधीक्षक पदस्थ किए गए हैं। अकेले जिला मुख्यालय की बात करें तो 20 छात्रावासों में से करीब 13 छात्रावासों यानि पचास फीसदी से अधिक छात्रावासों में सामान्य वर्ग के अधीक्षक पदस्थ किए गए हैं।

**क्या है नियमः** आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन दीपाली रस्तोगी द्वारा पत्र क्रमांक/छात्रावास/164/2017/23255 के माध्यम से प्रदेश के छात्रावास अधीक्षकों की पूर्णकालिक संविदा अधीक्षकों को व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए थे। 3 वर्ष की पदस्थापना के उपरांत अधीक्षकों-संविदा अधीक्षकों, संविदा शाला शिक्षकों को स्कूलों में वापस पदस्थ किया जाए और उसके बाद कम से कम तीन साल उपरांत ही पुनः छात्रावास आश्रमों में पदस्थ किया जाए। नियम 3 वर्ष का, जमें है कई वर्षों से / छात्रावासों में अधीक्षकों के प्रभार के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि किसी भी अधीक्षक को तीन वर्ष से अधिक किसी भी छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार न दिया जाए।

जैसे ही किसी अधीक्षक का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, उसे विद्यालय में पढ़ाने के लिए वापस किया जाए। और पुनः कम से कम तीन वर्ष के बाद ही किसी छात्रावास के अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा जाए। विभागीय सूत्र बतातें हैं कि यह सब कमीशन के दम पर चल रहा है। शिकायतें भी की जाती है लेकिन उन सबको दरकिनार करके छात्रावासों का प्रभार सौंपा गया है।

# शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी न होने से नाराज़ शिक्षक करेंगे धरना प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अध्यापक शिक्षक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेश एवं राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन से छूटे शिक्षकों के आदेश विगत एक वर्ष से जारी नहीं हो रहे हैं। जिससे संबंधित शिक्षकों को प्रतिमाह अपूर्णनीय आर्थिक क्षति हो रही है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हरीश मिश्रा एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के क्रमोन्नति आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में एक सूची जारी कर दी गई और बहुत से शिक्षकों के आदेश जारी नहीं हुए, बताया गया कि संकुल प्राचार्य द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजा गया था। क्रमोन्नति से छूटे शेष प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश आज दिनांक लगभग 10 माह होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जारी नहीं कर



पाया है साथ ही माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति समयमान वेतनमान का का प्रस्ताव संयुक्त संचालक कार्यालय रीवा को आज तक नहीं भेजा गया। जिससे सिंगरौली और रीवा के शिक्षकों के आदेश संयुक्त संचालक रीवा द्वारा जारी कर दिया गया है और सीधी जिले के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक बंचित है। जिससे प्रतिमाह 4 से 6 हजार रूपए का नुक़सान हो रहा है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा कई बार ज्ञापन और मौखिक आग्रह किया जाने के बावजूद आज तक आदेश जारी नहीं हो पाया है। जिम्मेदार अधिकारी संकुल प्राचार्य से प्रस्ताव मंगाने समिति की बैठक तक सीमित है। बार. बार आदेश जारी होने का कोरा आश्वासन बस मिलता रहा, जिससे दुखी पीड़ित शिक्षक संवर्ग अपनी व्यथा सांसद, विधायक एवं कलेक्टर के समक्ष रखेंग। शीघ्र आदेश जारी नहीं होने की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे ।

# युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मऊगंज पुलिस ने हलिया जिला मिर्जापुर से किया गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज निप्र।** युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मऊगंज पुलिस ने हलिया जिला मिर्जापुर से गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी दिलशाद अंसारी पुत्र गयासुद्दीन अंसारी उम्र 26 वर्ष निवासी अहुली थाना हलिया जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश जो 4 माह पूर्व मऊगंज रिश्तेदारी में आया था इस दौरान मऊगंज नगर की रहने वाली एक युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग चलने लगा.आरोपी शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती के पेट मे गर्भ ठहर गया तो आरोपी ने युवती का मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट में डालते हुऐ उससे बातें करना बंद कर दिया। युवती उससे संपर्क करने के लिए काफी प्रयास किया पर संपर्क नहीं हो पाया.युवती अपने परिजनों के साथ 26 अक्टूबर को पुलिस थाना मऊगंज पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया।और 27




अक्टूबर को पुलिस ने साइबर सेल की मदद से हलिया जिला मिर्जापुर मे दविस देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कई कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# मऊगंज जिले में जमीनी विवाद पर पिता-पुत्र के ऊपर हमला, डॉक्टरों ने किया रीवा रेफर

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज निप्र।** जिले में जमीनी विवाद को लेकर सगे परिवार के लोगों ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया जिससे पिता पुत्र दोनों घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल मऊगंज लाया गया पर चोट ज्यादा होने की वजह से यहां के डॉक्टरों ने संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया। यह पूरा मामला मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बराव गांव का है जहा जमीनी विवाद पर परिबार के सदस्यों ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया।बताया जाता है कि अजीत कुमार शुक्ला निवासी बराव जो सीधी में परिवार के साथ रहकर नौकरी करते हैं. 27 अक्टूबर की दोपहर 10 बजे अपने पुत्र श्यामा चरण शुक्ल के साथ बाइक में सवार होकर बराव गांव अपने घर आए थे कमरे के अंदर





हेलमेट और बैग रखकर खेत मे बोई गई फसल देखने चले गए। जब 2 बजे वापस सीधी जाने के लिए घर पहुंचे तो उनके भाई कृष्ण कुमार शुक्ला उनके कमरे में ताला लगा दिया।

उन्होंने ताला लगाने का विरोध किया तो भाई कृष्ण कुमार शुक्ला भतीजा अर्पित शुक्ला राहुल शुक्ला और मोहन ने मिलकर लाठी और राड से अजीत कुमार शुक्ला के ऊपर हमला कर दिया।बीच बचाव करने पुत्र श्यामा चरण शुक्ल पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई।अजीत शुक्ला के सिर में गंभीर चोटे आई हैं। वही अजीत शुक्ला का पुत्र श्यामा चरण शुक्ला भी घायल हुआ है। सूचना मिलने पर मऊगंज पुलिस अस्पताल पहुंची और दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया. डॉक्टरो ने हालत गंभीर होते देख 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलो को संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर किया गया है।

# जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में विवाद

## चले लाठी और डंडे, 5 लोग घायल, वीडियो वायरल

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष के 5 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ के बाद जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया गया है। यहां सभी का इलाज चल रहा है। वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा है।

अजयगढ़ नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 8 राजापुर में जमीनी विवाद में 2 पक्षों में हुई मारपीट में 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। संतोष सेन (42) निवासी रामबाग 26 अक्टूबर को अपना टैक्टर लेकर ड्राईवर धनीराम यादव, भाई दीपक सेन और बटाईदार, कमलेश अहिरवार और उसके रिश्तेदार हरिप्रसाद अहिरवार समेत अंशू अहिरवार के साथ खेत की जुताई करने राजापुर कोलान गए थे। जहां लक्खू कोंदर, राजकुमार कोंदर,



मिलन कोंदर, कारेलाल कोंदर लाठी डंडा और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर दिया।

बीच बचाव करने पर बटाइदार और उनके रिश्तेदारों को भी मारा वहीं खेत पर बनी झोपड़ी को कुल्हाड़ी और डंडों से तोड़ दिता। हल्ला सुन कर मौके पर अनिल सिंह लोध और पप्पू अहिरवार पहुंच गए। जिससे चारो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायलों को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। कुछ लोगों के ओर से घटना का वीडियो बना लिया गया जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

# अवैध पटाखा भंडारण पर कार्रवाई

## परिणय वाटिका मैरिज गार्डन से चार लाख की आतिशबाजी सामग्री जब्त, एक पर केस दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने शनिवार रात को अवैध पटाखा भंडारण पर छापामार कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से करीब 4 लाख रुपए की 40 प्रकार की आतिशबाजी सामग्री जब्त की है। पुलिस ने अवैध पटाखा भंडारण करने वाले आरोपी आनंद कुमार रावत पर भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। रविवार को पूरे मामले का खुलासा किया गया।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना पुलिस को शनिवार देर रात रिहायशी इलाके परिणय वाटिका मैरिज गार्डन के एक कमरे में अवैध पटाखा सामग्री होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में छापामार कार्रवाई की गई।

**40 प्रकार की आतिशबाजी**



**सामग्री जब्तः** मैरिज गार्डन के एक कमरे में भारी मात्रा में पटाखा सामग्री आतिशबाजी के पटाखे, पटाखे की लड़ी, विभिन्न प्रकार की फुलझड़ी, मुर्गा, लैला मजनू, चॉकलेट, सूतली बम, माचिस पटाखा, अनार, रॉकेट, सायरन, जंबो सहित 40 प्रकार की आतिशबाजी सामग्री करे जब्त कर लिया।

पुलिस ने थाना परिसर के सुरक्षित स्थान पर सामग्री को रखवाया। वहीं सिविल लाइन थाने में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से पटाखा संग्रह करने वाले आरोपी आनंद कुमार रावत निवासी महल रोड छतरपुर पर केस दर्ज किया गया।

# जिला अस्पताल के समीप जरूरतमंदों के लिये शुरू होगी नेकी की दीवार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नेकी की दीवार या दया की दीवार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए समर्पित है। यह दान और परोपकार एक अभिनव प्रयास है, घर की साफ सफाई का एक अभिनव तरीका है। कोई भी व्यक्ति अपने अप्रयुक्त कपड़े, जूते, खिलौने आदि दान कर सकता है और जिन लोगों को ऐसी वस्तुओं की आवश्यकता है वे उन्हें निःशुल्क ले जा सकते हैं। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए समाजसेवियों की मांग पर जिला मुख्यालया में मिनी अग्रवाल सीएमओ नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा जिला अस्पताल के निकास द्वार के समीप नेकी की दीवार प्रारंभ की जा रही है। जिसमें नगर वासियों का सहयोग सादर अपेक्षित है। समाज सेवी सिराज अंसारी ने बताया कि






सीएमओ नपा के विशेष प्रयास एवं मार्गदर्शन में गरीबो की मदद के लिये नेकी की दीवार का जल्द ही शुभांरभ होने जा रहा है। ऐसे में अगर आपके पास भी अतिरिक्त वस्त्र या दिन चर्या में उपयोग आने वाला सामान अतिरिक्त है, तो आप इसे दान कर सकते हैं। अगर आप उक्त स्थल तक पहुँचने में किसी कारण वश असमर्थ हैं, तो व्हाट्सएप के माध्यम से 8109710100 पर भी संदेश भेज सकते हैं, और हमारे प्रतिनिधि आपसे सीधा संपर्क कर आपके दान का संग्रह कर इसे नेकी की दीवार तक ले आएगें।

# सांसद बने सिवनी जिले के चुनाव अधिकारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन पर्व के अंतर्गत संगठन चुनाव के लिए सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा को सिवनी जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा के भारतीय जनता पार्टी सिवनी संगठन के जिला चुनाव अधिकारी बनाए जाने पर शुभ चिन्तको एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने चुनाव अधिकारी बनाए जाने के पश्चात कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सच्चे अर्थों में लोकतंत्र है। जहां पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद, विधायक कुछ भी बन सकता है। यह केवल एवं केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर संपन्न, आपरेशन के लिये 81 मरीज भेजे गये चित्रकूट



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** रोली मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 26 अक्टूबर को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर मे 271 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आये नेत्र विशेषज्ञो द्वारा किया गया और मोतिया बिन्द तथा अन्य समस्याओं से पीड़ित 81 मरीजों को आपरेशन आदि के लिये निःशुल्क चित्रकूट भेजा गया। जिन मरीजों का उपचार दवा से होना था उन्हे निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई।

चित्रकूट जाने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों की भारी संख्या को देखते हुये दो बसों की ब्यवस्था कराई गई। नेत्र शिविर में केवल सीधी जिले के दूर स्थलों से ही मरीज नही आये वरन सोनभद्र उ.प्र., सिंगरौली तथा देवसर तहसील के भी मरीज आये। इस सेवा मे श्रीराम सिंह कर्चुली, रिन्कू कुशवाहा, श्रीपाली, उत्कर्ष आदि का पूरा सहयोग रहा। सभी मरीजो तथा आगंतुकों को सूचित किया गया कि अगला शिविर नियमित रूप से अगले 26 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा।

# शिवसेना ने सामूहिक दुष्कर्म मामले में कड़ी कार्यवाही हेतु सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शिवसेना इकाई ने रीवा जिले के गुढ़ थाना अंतर्गत महिला युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग कर भैरवनाथ मंदिर में चौबीस घंटे पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था हेतु राज्यपाल के नाम गोपद बनास नायब तहसीलदार को आंदोलन स्थल वीथिका भवन में ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडेय, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री सुनील रावत, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फमुन्ना, नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, गोपाल टांडिया, रामकुमार विश्वकर्मा, छठी लाल विश्वकर्मा, बालेंद्र धर दुबेदी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस सीधी में एआई पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में आइ. आई. टी. नई दिल्ली के सहयोग से संचालित होने वाले दो सर्टिफिक्रेट पाठ्यक्रम ए आई एवं ए आई विद फिनटेक में प्रवेश हेतु परीक्षा ( एप्टीट्यूड टेस्ट) का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 05 नबंवर 2024 को प्रातः 10:30 पर महाविद्यालय में निर्धारित कक्षों में आवंटित रोल नंबर के अनुसार संचालित की जायेगी। यह परीक्षा टिक मार्क पद्धति पर आधारित है अर्थात् परीक्षार्थी को उत्तर शीट में नीले पेन से सही का निशान लगाना हैं। परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सभी परीक्षार्थी पहचान पत्र कें रूप में महाविद्यालय द्वारा जारी आईडी कार्डध्आधार कार्ड/डाईविंग लाईसेंस/वोटर कार्ड/पेन कार्ड दस्तावेज अपने साथ लेकर जरूर आए। परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा कक्ष में नीले बाल प्वाइंट पेन के साथ एक आईडी कार्ड के अतिक्ति किसी भी प्रकार की सामग्री लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। छात्रों को आवंटित रोल नं. की सूची महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसमें अपना अनुक्रमांक अवलोकित कर निर्धारित कक्ष में परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने पोर्टल पर करायें पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मछुआरों, मत्स्य कृषकों, मत्स्य विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियोंध्मछुआ समूह के सदस्यों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिये नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का पंजीयन किया जाना है। इस पोर्टल का उद्देश्य मत्स्यपालन के व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाना है।

पंजीयन हेतु एनएफडीपी पोर्टल की वेबसाइट है जहाँ व्यक्तिगत तथा संस्था के रूप में पंजीयन के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। व्यक्तिगत पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर हैं जबकि संस्था के रूप में पंजीयन हेतु समितिध्समूह का पैन कार्ड तथा पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक हैं।

उक्त पंजीयन हितग्राही द्वारा स्वयं अथवा अपने आस पास उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से कराया जा सकता है तथा पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला-सीधी (वीथिका परिसर, कलेक्ट्रेट के सामने में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता हैं।

# माटी शिल्पियों से कर न वसूलने के दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुम्हार समुदाय के परम्परागत शिल्पियों द्वारा मिट्टी के दीपक एवं अन्य उत्पाद बनाये जाते हैं। इन्हें प्रमुखतः विभिन्न त्यौहारों के अवसरों पर बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है।

# संपादकीय

## टैक्स चोरी करने वालों की मौज

किसी अज्ञात शायर का शेर है- विसाल ए यार से दूना हुआ इश्क, मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की। यही हुआ है भारत में बड़े धूम धड़ाके से आधी रात को संसद बुला कर शुरू किए गए अप्रत्यक्ष कर सुधार के कानून, वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी के साथ। जैसे जैसे कानून पुराना हो रहा है वैसे वैसे टैक्स चोरी भी बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि जिस तरह से आधी रात को आजादी की घोषणा हुई थी उसी तरह जुलाई 2017 में नरेंद्र मोदी सरकार ने आधी रात को संसद बुला कर जीएसटी कानून लागू करने का ऐलान किया था।

इस कानून को अप्रत्यक्ष कर से जुड़ी तमाम गड़बडियों के लिए एकमात्र उपाय के तौर पर प्रस्तुत किया गया। केंद्र ने कितनी ही मेहनत करके सभी राज्यों को इसके लिए तैयार किया कि वे कर वसूलने का अपना अधिकार छोड़ दें और यह काम केंद्र को करने दें। कहा गया कि यह %एक देश, एक कर' की व्यवस्था है लेकिन हकीकत में यह एक देश, अनेक कर की पुरानी व्यवस्था का ही विस्तार है। वह एक अलग मसला है। कारोबारियों को हो रही समस्याएं भी एक बड़ा मसला है। लेकिन अगर सिर्फ टैक्स चोरी की बात करें तो यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि जिस मकसद से इस कानून को लागू किया गया था वह पूरा नहीं हो पा रहा है।

भारत सरकार की संस्था डीजीजीआई यानी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी की चोरी दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हुई है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अगर केंद्रीय जीएसटी में चोरी को जोड़ दें तो वित्त वर्ष 2023-24 की टैक्स चोरी 2.37 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाएगी। यानी अगर सरकार साल में 20 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी इकट्ठा करती है तो उसके 12 फीसदी के बराबर टैक्स चोरी होता है! यह आंकड़ा कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बिहार जैसे विशाल राज्य का सालाना बजट 2.62 लाख करोड़ का होता है। यानी बिहार के बजट के लगभग बराबर जीएसटी की चोरी हुई है।

भारत सरकार का बजट 40 लाख करोड़ रुपए का है। जीएसटी की चोरी उसके लगभग छह फीसदी के बराबर है। इतनी बड़ी टैक्स चोरी हो रही है और सरकार को पता होने के बावजूद वह कुछ नहीं कर पा रही है! चोरी रोकने की बजाय सरकार इस उधेड़बुन में है कि कैसे कुछ और वसूली बढ़ाई जा सके। तभी जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने या रेशनलाइज करने के लिए बने मंत्री समूह की बैठक हुई तो उसमें जो फैसले हुए उनको लेकर बताया गया कि इससे सरकार को 10 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त टैक्स मिलेगा। यानी सारे उपाय अतिरिक्त टैक्स हासिल करने के ही हो रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि जीएसटी की चोरी में सिर्फ निजी या फर्जी कंपनियां शामिल हैं। सरकारी कंपनियां भी टैक्स चोरी कर रहे हैं या छिपा रही हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनी को पिछले एक साल में टैक्स चोरी के अनेक नोटिस जा चुके हैं। बीमा कंपनियों के अलावा ई कॉमर्स कंपनियां, आईटी सेक्टर की कंपनियां, ऑनलाइन गेमिंग की कंपनियां, पान मसाला और गुटखा, सिगरेट बेचने वाली कंपनियां, सब टैक्स चोरी में शामिल हैं। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने ही एक साल में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा टैक्स की चोरी की है।

बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इश्योरेंस यानी बीएफएसआई भारत का सबसे संगठित सेक्टर है। जीएसटी की चोरी में यह सेक्टर दूसरे स्थान पर है। सोचें, देश का वित्तीय सेक्टर, जो इस समय आईटी के साथ साथ सबसे तेजी से बढ़ता सेक्टर है और जिसके क्लायंट की पूरी सूचना सेक्टर की कंपनियों के पास होती है वहां इतनी बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी हो रही है?

इतना बड़ा नेटवर्क खड़ा करने और इतना बड़ा तामझाम करने के बावजूद टैक्स चोरी कैसे हो रही है, यह समझना भी बहुत मुश्किल काम नहीं है। जिस तरह से पुराने सिस्टम में टैक्स चोरी होती थी उसी तरह इस सिस्टम में भी हो रही है। फर्जी इनवॉयस बना कर कंपनियां इनपुट टैक्स क्रेडिट सरकार से वसूल रही हैं। इसके लिए लोगों के आधार कार्ड चुरा कर फर्जी कंपनियां खड़ी की जा रही हैं और उन कंपनियों के नाम पर फर्जी इनवॉयस बनाए जा रहे हैं। डिजिटल और ई कॉमर्स से जुड़ी कंपनियां भारत में रजिस्ट्रेशन नहीं करा रही हैं वे विदेशी रजिस्ट्रेशन पर ही काम कर रही हैं।

# राजनीति में परिवारवाद तो है लेकिन राजनीति के लिए परिवार से भिड़ने में भी गुरेज नहीं करते हैं नेता

**नीरज कुमार दुबे**

**राजनीति में परिवारवाद तो जमकर चलता है लेकिन राजनीति के चलते ही परिवार के लोग भी एक दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं। ऐसे दो ताजा उदाहरण महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से सामने आये हैं। महाराष्ट्र से उदाहरण बारामती सीट से सामने आया है। यहां अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत की थी। अब अजित पवार के विधानसभा क्षेत्र में उनको चुनौती देने के लिए उनके भतीजे को उतार दिया गया है। यानि एक बार फिर चाचा-भतीजे की जंग देखने को मिलेगी। इसी तरह उत्तर प्रदेश की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मुलायम परिवार के बीच ही लड़ाई का अखाड़ा सज गया है।**





हम आपको बता दें कि करहल विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में मुलायम सिंह यादव के रिश्तेदारों के बीच लड़ाई देखी जा रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अनुजेश यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया। हम आपको बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा के लिये निर्वाचित होने के बाद उनके इस्तीफे से करहल सीट रिक्त हुयी थी, और इस कारण यहां 13 नवंबर को मतदान कराया जायेगा। अनुजेश यादव को मैदान में उतारने के भाजपा के फैसले ने सपा के तेज प्रताप यादव के साथ मुकाबला कड़ा कर दिया है, जो शक्तिशाली सैफई परिवार के सदस्य और दिवंगत मुलायम सिंह यादव के भतीजे रणवीर सिंह यादव के पोते हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक दूसरी ओर अनुजेश यादव मुलायम सिंह यादव के भतीजे और आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव के सगे जीजा हैं। धर्मेन्द्र सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षक इस उपचुनाव को यादव परिवार के दो रिश्तेदारों के बीच एक बड़े पारिवारिक मामले के रूप में देख रहे हैं, जिसमें तेज प्रताप करहल सीट पर सपा के लंबे समय से कब्जे का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि अनुजेश यादव भाजपा के समर्थन से अपनी पैठ बनाने का लक्ष्य रखते हैं। अनुजेश यादव फिरोजाबाद जिले के भरौल गांव के रहने वाले हैं और उनकी शादी मैनपुरी के जिला पंचायत की पूर्व जिला प्रमुख संध्या यादव से हुई है, जो भाजपा की प्रमुख समर्थक रही हैं। यादव परिवार से उनके पारिवारिक संबंध उपचुनाव में जटिलता की एक परत जोड़ते हैं, क्योंकि वे सपा के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के %फूफा% हैं। करहल सीट पर 1993 से सपा का दबदबा है और 2022 के विधानसभा चुनाव में खुद अखिलेश यादव ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। हालांकि, 2024 में कन्नौज से लोकसभा में जीत के बाद उन्होंने करहल सीट खाली कर दी, जिससे इस उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा भी अवनीश कुमार शाक्य नाम के उम्मीदवार को मैदान में उतारने के बावजूद राजनीतिक विश्लेषक इस मुकाबले को भाजपा और सपा के बीच सीधी लड़ाई के रूप में देख रहे हैं। बसपा के इस कदम को सपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, खासकर सपा के जिला प्रमुख एवं विधायक रह चुके आलोक शाक्य के शाक्य वोटों पर कब्ज़ा करने की उम्मीद है।

रिश्तेदारों के बीच प्रतिद्वंद्विता तब और बढ़ गई, जब 24 मार्च, 2019 को धर्मेंद्र यादव के नाम से एक पत्र वायरल हुआ, जिसने भाजपा में शामिल होने के फैसले के बाद अनुजेश से खुद को दूर कर लिया था। पत्र में लिखा था, जो कोई भी भाजपा में शामिल होता है, वह मेरा रिश्तेदार नहीं हो सकता। हम आपको बता दें कि यादव परिवार के पैतृक गांव सैफई से महज चार किमी दूर स्थित करहल डिंपल यादव के मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का भी हिस्सा है। यह भी उल्लेखनीय है कि करहल उत्तर प्रदेश की उन नौ विधानसभा सीटों में से एक है जहां 13 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। नतीजे 23 नवंबर को आने हैं। वहीं महाराष्ट्र के बारामती क्षेत्र की बात करें तो आपको बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने विधानसभा चुनाव के लिए 45 प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी की जिसमें बारामती सीट से युगेंद्र पवार को उम्मीदवार बनाया गया है। युगेंद्र इस सीट पर अपने चाचा एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को चुनौती देंगे। पिछले साल अपने चाचा और पार्टी संस्थापक शरद पवार से अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष बने अजित पवार पुणे जिले के बारामती विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। उनकी पार्टी ने पहले ही घोषणा कर दी है कि अजित अपनी पारंपरिक सीट से चुनाव लड़ेंगे। युगेंद्र (32) अजित पवार के छोटे भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के तहत 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। पवार परिवार के पारंपरिक गढ़ बारामती में हाल के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और उनकी ननद सुप्रिया सुले के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सुले बारामती सीट से सांसद हैं। वह शरद पवार की बेटी और अजित की (चचेरी) बहन हैं। सुले ने 1.50 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की। पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने संवाददाता सम्मेलन में राकांपा (एसपी) उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि बारामती के लोगों की मांग पर युगेंद्र को उम्मीदवार के रूप में चुना गया है। पाटिल ने कहा, मैंने स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उनके अनुसार, युगेंद्र एक नया चेहरा हैं और सभी को साथ लेकर चल सकते हैं। हमें लगा कि वह हमारी तरफ से सबसे अच्छा विकल्प होंगे। जिस तरह से लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, इस बार परिणाम अलग होंगे। टिकट दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए युगेंद्र पवार ने कहा कि वह पार्टी सुप्रीमो शरद पवार के आभारी हैं कि उन पर भरोसा जताया गया। युगेंद्र ने कहा कि वह पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## रोशनी में रैंकिंग्स का सच-झूठ

मोदी सरकार को विश्वसनीय आंकड़ों से खास गुरेज है। दशकीय जनगणना तक उसकी प्राथमिकता में नहीं है, तो आंकड़ों के प्रति उसके अपमान भाव को सहज ही समझा जा सकता है। जबकि ऐसे आंकड़े सामने हों, तो रैंकिंग्स का सच-झूठ खुद जाहिर हो जाएगा। पिछले हफ्ते ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी हुआ। हर साल की तरह भारत में यह राजनीतिक विवाद का मुद्दा बना। हालांकि इस बार भारत की रैंकिंग में कुछ सुधार दिखा- भारत 111वें से 105वें स्थान पर चला आया- मगर यह रैंक भी बहुत नीचे है, इसलिए यह इंडेक्स नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने का फिर से औजार बना। मोदी सरकार का नजरिया ऐसी रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर देने का रहा है। सरकार ऐसे सूचकांकों के लिए आंकड़े इकट्ठे करने के तरीके पर सवाल खड़े करती है। जबकि ऐसा नहीं है कि उसे ऐसे हर इंडेक्स से गुरेज हो। जिन रैंकिंग्स में भारत की बेहतर सूरत दिखे, उसका इस सरकार द्वारा धुआंधार प्रचार भी किया जाता है। अपने आरंभिक वर्षों में विश्व बैंक के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत का दर्जा उछलने को उसने अपनी खास उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया था। लेकिन जल्द ही विशेषज्ञों ने उस सूचकांक की खामियां स्पष्ट कर दीं।

भारत सहित कई देशों पर उसे को सुनियोजित ढंग से प्रभावित करने के आरोप लगे। विवाद इतना बढ़ा कि विश्व बैंक ने वह सूचकांक तैयार करना ही छोड़ दिया। उधर गुजरे दस साल में मानव विकास एवं लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं संबंधी तमाम सूचकांकों पर भारत की बदतर तस्वीर उभरी है। वैसे विशेषज्ञ भी मानते हैं कि कई सूचकांक गहन शोध पर आधारित नहीं होते। वे फैलते गए एनजीओ कल्चर का हिस्सा हैं। फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए एनजीओ इन्हें हर साल जल्दबाजी में तैयार कर देते हैं। मगर हकीकत यह भी है कि इन सूचकांकों को दुनिया भर के मीडिया में खूब प्रचार मिलता है। देशों की छवि इनसे बनती बिगड़ती है। तो हल क्या है? समाधान यह है कि भारत अपने हर क्षेत्र के बारे में विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त आंकड़े खुद जारी करे। मगर मोदी सरकार को ऐसे आंकड़ों से खास गुरेज रहा है। दशकीय जनगणना तक उसकी प्राथमिकता में नहीं है, तो विश्वसनीय आंकड़ों के प्रति उसके अपमान भाव को सहज ही समझा जा सकता है। जबकि ऐसे आंकड़े सामने हों, तो उनकी रोशनी में रैंकिंग्स का सच-झूठ खुद जाहिर हो जाएगा।

# बदलते वक्त की मांग है हिंदुओं की जनसंख्या बढ़ाने के बारे में सोचना

**कमलेश पांडे**

राष्ट्रीय राजनीति की अपनी चिंताएं हैं, जबकि सूबाई राजनीति की अपनी दुश्चिंताएं! लोकतांत्रिक सियासत में इनमें तालमेल बिठाना वाकई दुष्कर कार्य है, क्योंकि राष्ट्रीय हितों के ऊपर कहीं साम्प्रदायिक, कहीं जातीय और कहीं क्षेत्रीय हितों को हावी किया जाता रहा है और ऊटपटांग वकालत की जाती रही है। ऐसे में हरेक सिक्के के दो पहलु की तरह ही इन्हें भी लिए जाने की जरूरत है और हमारे समग्र राष्ट्रीय हित कैसे सध सकें, इसके लिए प्राथमिकता तय किये जाने की जरूरत है। देखा जाए तो भारत में अप्रत्याशित रूप से मुस्लिमों की बढ़ती जनसंख्या जहां कुछ राजनीतिक दलों व सामाजिक संस्थाओं के लिए चिंता की बात है और इन्हें नियंत्रित किये जाने की वकालत हिन्दू समुदाय के नेता व समाजसेवी खुलेआम कर रहे हैं और तत्सम्बन्धी डेटा भी सार्वजनिक कर रहे हैं। वहीं, इस बात की वकालत भी की जा रही है कि हिंदुओं को भी बंध्याकरण व नसबंदी की नीति का परित्याग करके ज्यादा बच्चे पैदा करना चाहिए, ताकि मुस्लिमों के मुकाबले हिंदुओं की जनसंख्या ज्यादा बनी रहे। कमोबेश यही वैश्विक डिमांड भी है। हमारे पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हैं, पास-पड़ोस में जनसंख्या के समुचित समायोजन की संभावनाएं हैं और शेष विश्व में बहुत सारे भूभाग आबादी विहीन हैं, जहां रणनीतिक रूप से हिंदुओं को बसाने में कोई दिक्कत भी नहीं आएगी, क्योंकि हमारे वीर-बांकुडों और समझदार लोगों की मांग यत्र-तत्र-सर्वत्र है। हां, इसके लिए स्पष्ट वैश्विक, राष्ट्रीय और सूबाई सोच होनी चाहिए और सबमें बेहतर तालमेल की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी ईसाइयों की है, फिर दूसरी बड़ी आबादी इस्लाम मतावलंबियों की है। जबकि हिन्दू आबादी संसार की तीसरी बड़ी आबादी है। व्यापार में भी इसी तरह से संख्या बल में हिंदू कारोबारी तीसरे पायदान पर हैं। यही वजह है कि हिंदुओं को भी अपनी आबादी मुस्लिमों की तरह बेतहाशा बढ़ानी चाहिए और ईसाई व इस्लाम मतावलंबियों की तरह वैश्विक मतांतरण अभियान दुनिया के हरेक देशों में छेड़ना चाहिए। चूंकि अधिकांश धर्म सनातन मतावलंबियों से ही टूटकर बने हैं, इसलिए घरवापसी अभियान भी चलाया जा सकता है। इसके लिए हिन्दू धर्म को सरल बनाना होगा, ताकि अल्प आय वर्ग के लोग भी इसमें फिट बैठ सकें और मौजूदा आडंबरों की मार उनपर नहीं पड़े। कहना न होगा कि यदि ऐसी रणनीति नहीं अपनाई गई तो निकट भविष्य में अस्तित्व रक्षा के भी लाले पड़ जाएंगे। इतिहास साक्षी है कि ईसाई व यहूदी धर्म की उत्पत्ति भी इस्लाम धर्म से ही हुई है, इसलिए जब दोनों जुड़वां धार्मिक ताकतें एक हो जाएंगी तो हिंदुओं की वैश्विक परेशानी ज्यादा बढ़ जाएगी। ऐसे में हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि का विचार दूरदर्शिता भरा दृष्टिकोण है, यदि सही मायने में देखा जाए तो। इसलिए अब जो दक्षिण भारत से जनसंख्या वृद्धि के सुर सुनाई देने लगे हैं, उससे उत्तर भारत के लोगों को भी सबक लेनी चाहिए और पारस्परिक तालमेल बिठाकर अपने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक व लोकतांत्रिक हितों की रक्षा करनी चाहिए। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) द्वारा तैयार इंडिया एजिंग रिपोर्ट



2023 के अनुसार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी अधिक है। इसे संतुलित करने के लिए ही टीडीपी नेता और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पिछले हफ्ते कहा था कि लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए कानून लाने की योजना भी बना रही है। राज्य की बुजुर्ग होती आबादी को देखते हुए यह एक नेक कदम है।

इसके बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक पुराने आशीर्वाद का जिक्र करते हुए लोगों को 16 बच्चे पैदा करने की सलाह और शुभकामना दे डाली। इससे भी कोई दिक्कत नहीं है। समुद्र में फ्लोटिंग हाउस बनाने और ऐसे ही प्राकृतिक जमीन विकसित करने की पूरी गुंजाइश है। बहरहाल, दोनों मुख्यमंत्री यह सलाह इसलिए दे रहे हैं क्योंकि जल्द ही देश में संसदीय सीटों का नये सिरे से परिसीमन होना है। इस परिसीमन के मुताबिक दस लाख लोगों की आबादी पर एक सांसद होगा।

चूंकि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के मामले में तो बेहतरीन प्रदर्शन कर किया है, जिसकी वजह से वहां प्रजनन दर कम हो गयी है। इसलिए उन्हें अब यह डर सता रहा है कि यदि आबादी के लिहाज से संसदीय सीटों का निर्धारण हुआ तो देश की राष्ट्रीय राजनीति पूरी तरह उत्तर भारत केंद्रित हो जायेगी। लेकिन यदि हिंदुत्व की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नजरिए से देखा जाए तो दक्षिण भारत के मुख्यमंत्रियों का ताजा आह्वान भारत और हिंदुत्व दोनों के लिए बरदान साबित हो सकता है। इसलिए यह कहना कि देश में एक ओर उत्तर भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाये जाने की मांग हो रही है तो दूसरी ओर दक्षिण भारत के दो प्रमुख राज्यों के मुख्यमंत्री अपनी जनता को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहे हैं, में कोई दिक्कत नहीं है। बस, उत्तर भारत के नेताओं को अपना नजरिया बदलना होगा और हिंदुओं की जनसंख्या में अधिकाधिक वृद्धि की रणनीति बनानी होगी। वहीं, मोदी सरकार को भी बदलते नजरिए के मुताबिक विदेश नीति बनानी होगी। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) द्वारा तैयार इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी अधिक है। रिपोर्ट कहती है कि 2021 और 2036 के बीच इन राज्यों में बुजुर्गों की दर में बहुत अधिक तेजी से वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि केरल की जनसंख्या में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2021 की 16.5ल से बढ़कर 2036 में 22.8ल हो जाएगी। वहीं, तमिलनाडु में 13.7ल से बढ़कर 2036 में 20.8ल हो जाएगी। उधर, आंध्र प्रदेश में 2021 के 12.3ल से बढ़कर 2036 में 19ल हो जाएगी, जबकि कर्नाटक में बुजुर्गों की आबादी 11.5ल से बढ़कर 2036 में 17.2ल हो जाएगी और तेलंगाना में 2021 के 11ल से बढ़कर 2036 में 17.1ल हो जाएगी।

# 8 जिलों के एसपी को फर्जी नोटिस भेजा

## 5 लाख जमा करने की चेतावनी दी, पूर्व पत्नी और वकील को फंसाने रची साजिश








**मीडिया ऑडीटर, कोरिया एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में पुलिस ने आबकारी विभाग के उप निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूर्व पत्नी के नाम से कोरिया एसपी समेत 8 जिलों के एसपी को फर्जी नोटिस भेजा था। इतना ही नहीं आरोपी ने सभी को तीन दिनों के अंदर पांच लाख जमा कराने की चेतावनी भी दी थी।

आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ किया तो सच जानकार वो भी हैरान रह गए। आरोपी ने बताया कि पत्नी से उसका तलाक हो गया है और उसे परेशान करने के लिए उसने पत्नी के नाम से कोरिया एसपी सहित 8 जिलों के एसपी को फर्जी नोटिस भेजा था।

**पोस्ट में आरटीआई कार्यकर्ता कोरबा का जिक्र था:** दरअसल, 16 अक्टूबर को एसपी कार्यालय कोरिया में एक स्पीड पोस्ट मिला। इस बंद लिफाफे पर प्रेषक के रूप में 'अनीता प्रजापति, आरटीआई कार्यकर्ता कोरबा' लिखा था। एसपी ऑफिस कोरिया के मुख्य लिपिक ने जब इस लिफाफे को खोला तो, उसमें अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी की ओर से रजिस्टर्ड सूचना पत्र भेजा गया था।

इस लेटर में, कथित अधिवक्ता जोशी ने एसपी कोरिया पर कई मनगढंत और बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे। साथ ही आरटीआई एक्टिविस्ट अनीता के खाते में तीन दिनों के भीतर 5 लाख की राशि जमा करने की चेतावनी दी थी।

**शुरुआती जांच में पता चला वकील ने नहीं भेजा डाक:** इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य लिपिक फ्रांसिस जेवियर बेक ने थाना प्रभारी बैकुंठपुर को जांच के लिए आवेदन दिया। शुरुआती जांच में पता चला कि अनीता प्रजापति और उसके अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी ने डाक नहीं भेजा है।

इसके बाद लिफाफे में दर्ज स्पीड पोस्ट नंबर की मौके पर जांच की गई। टेक्निकल इनपुट के आधार पर दिलीप प्रजापति नाम आया जो अनीता प्रजापति का पूर्व पति था। उसने पूर्व पत्नी को परेशान करने के लिए एसपी को फर्जी पत्र भेजा था।

**उप निरीक्षक का पत्नी से हो चुका है तलाक:** बता दें कि आरोपी दिलीप प्रजापति आबकारी विभाग में उप निरीक्षक के पद पर है, जिसका पत्नी से तलाक हो चुका है। न्यायालय के आदेश के अनुसार उसे 14,000 रुपए हर महीने पत्नी को भुगतान करना पड़ रहा है। इस वजह से उसने ऐसा कदम उठाया। ताकी पत्नी पुलिस कार्रवाई से परेशान हो जाए।

**पत्नी के अधिवक्ता को भी फंसाना चाहता था:** जांच के दौरान यह भी पाया गया कि दिलीप प्रजापति ने पत्नी के मेंटेनेंस मामले में पैरवी कर रहे अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किया था। वह पत्नी के साथ-साथ उसके वकील को भी फंसाना चाहता था।

अपराध में उपयोग किए गए कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, फर्जी दस्तावेज जब्त कर लिए गए। पर्याप्त सबूत मिलने पर 25 अक्टूबर को आरोपी की गिरफ्तारी की गई। शनिवार को पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया।

---

### लव मैरिज के 2 दिन बाद चाकू मारकर हत्या

## दोस्त ने ही निगरानी बदमाश को मार डाला, पुलिस बोली-वह सुधर रहा था


आरोपी


मृतक

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक बदमाश की उसके ही दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दो दिन पहले ही उसकी लव मैरिज हुई थी। हत्या के बाद आरोपी भाग निकला। पुलिस ने बताया कि बदमाश सुधरने का प्रयास कर रहा था। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

शांति नगर निवासी विकास और परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोफू दोनों आदतन निगरानी बदमाश हैं। इनके बीच पहले दोस्ती थी, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों की दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। शनिवार दोपहर को दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर विवाद हो गया।

**पेट में चाकू घोंपा, इलाज के दौरान मौत:** दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि, विकास ने परमेश्वर के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अधिक खून बहने से इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि, जब विकास परमेश्वर पर चाकू लेकर हमला करने पहुंचा, तो वहां दोस्त जितेंद्र सोनी खड़ा था। वो परमेश्वर को बचाने पहुंचा। इससे विकास इतने गुस्से में आ गया कि, उसने उस पर भी हमला कर दिया। इससे वो भी जख्मी हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पहले भी हो चुका था विवाद:** पुलिस ने बताया कि, पहले भी दोनों के बीच कई बार विवाद हो चुका है। उनके बीच मारपीट का मामला थाने भी पहुंचा था। वारदात के बाद भागे आरोपी विकास को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गुंडागर्दी छोड़ चलाने लगा था ई-रिक्शा:** पुलिस के मुताबिक, परमेश्वर ऊर्फ टोफू दुर्ग के मोहन नगर थाने का निगरानी बदमाश था। कुछ समय से वो सुधरने की कोशिश कर रहा था। वो ई-रिक्शा चलाकर घर चला रहा था। इसी दौरान एक लड़की से प्यार करने लगा। अब परिजनों और उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

# किराना शॉप में कांच तोड़कर चोरी

## धर्मशाला की छत से सेकेंड फ्लोर में पहुंचा चोर, 500-500 के बंडल लेकर भागा, चिल्हर छोड़ दिया




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के किराना शॉप में कांच की खिड़की तोड़कर चोरी की गई है। चोर पड़ोस की धर्मशाला के छत से किराना दुकान के सेकेंड फ्लोर में आया। फिर वहां से दुकान में एंट्री कर गल्ले में रखे 500-500 रुपए के बंडल लेकर फरार हो गया। व्यापारी के मुताबिक, गल्ले में करीब पौने दो लाख रुपए थे। मामला गोल बाजार थाना क्षेत्र का है।

गोलबाजार पुलिस के मुताबिक, नयापारा स्थित वृंदावन ट्रेडिंग कंपनी जनरल समान बेचती है। 25 अक्टूबर को शाम साढ़े 8 बजे दुकान का मालिक आदित्य अग्रवाल दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन सुबह दुकान पहुंच तो चोरी की घटना हो चुकी थी।

**सेकेंड फ्लोर के कांच की खिड़की टूटी:** शुरुआती जांच पड़ताल में पता चला कि चोर बगल के एक धर्मशाला की छत से दुकान के सेकंड फ्लोर पर आया। फिर वहां पर लगी कांच की खिड़की को तोड़कर अंदर घुस गया। उसमे ग्रील नहीं थी। इसके बाद चोर ने गल्ले में रखे पांच सौ रुपए के नोटों के बंडल से करीब 1 लाख 60 हजार रुपए लेकर फरार हो गया।

इसके अलावा गले में करीब 15 हजार रुपए चिल्लर छोड़ दिया। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कर चोर की तलाश कर रही है।

---

# केटीएम बाइक लूटने दोस्त को मार डाला

## 3 दोस्तों ने नशे में रची साजिश, कब्र से शव निकालने पर खुला राज



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में केटीएम बाइक के लिए एक युवक की उसके ही 3 दोस्तों ने हत्या कर दी। पुलिस ने जब कब्र से खोदकर शव को बाहर निकाला तब खुलासा हुआ। पुलिस ने नाबालिग सहित 3 आरोपियों को पकड़ा है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने बताया कि, घरघोड़ा के बिछीनारा निवासी टिकेश्वर लोधा (19) 15 अक्टूबर से लापता था। उसका शव 20 अक्टूबर को ग्राम बांजीखोल जाने वाले केंदाडोंगरी पहाड़ पर मिला। शुरुआती जांच में मामला हत्या का पाया गया। शिनाख्त नहीं होने और सड़ जाने के कारण शव दफना दिया गया। परिजनों ने फोटो से पहचान की। जांच में पता चला कि, टिकेश्वर को आखिरी बार कंचनपुर निवासी नरेंद्र उर्फ बोनू के साथ देखा गया था। पुलिस ने दबिश दी, लेकिन नरेंद्र नहीं मिला।

**दोस्तों के साथ घूम रहा था टिकेश्वर:** पुलिस को जानकारी मिली कि, 16 अक्टूबर को टिकेश्वर केटीएम बाइक लेकर निकला था। उसके साथ नरेन्द्र, सराईडीपा निवासी विजय चौहान और नाबालिग भी घूम रहे थे। 24 अक्टूबर को पुलिस ने विजय चौहान और नाबालिग को पकड़ा तो उन्होंने हत्या का राज खोल दिया।

**नशे में बाइक हथियाने रची साजिश:** इसके बाद पुलिस ने 25 अक्टूबर को नरेन्द्र को तराईमाल इलाके से गिरफ्तार किया। उसने पूछताछ में बताया कि, 16 अक्टूबर को दोनों बाइक पर घूमने निकले थे। रास्ते में सराईडीपा से विजय और नाबालिग को भी मिल गए। तीनों ने बाइक लूटने की साजिश रची। रोडोपाली होते हुए बांजीखोल जंगल गए। वहां चारों ने जमकर शराब पी। तब टिकेश्वर वहां लेट गया। उसी समय नरेन्द्र ने कहा कि उनके पास ऐसी बाइक नहीं है। तीनों बारी-बारी से उस बाइक का इस्तेमाल करेंगे। टिकेश्वर से लेटने के दौरान हत्या करने की सोची, लेकिन वो उठकर बैठ गया।

**लकड़ी से सिर पर मारा, चाकू से गला रेता:** इसके बाद चारों घरघोड़ा के एक ढाबे पर गए। नाबालिग को वहां छोड़कर नरेंद्र और विजय बाइक पर पूरी रात घूमते रहे। सुबह होने पर वे फिर नाबालिग लड़के को अपने साथ ले गए। बाइक पर चारों बांजीखोल जंगल गए। वहां सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी और पहाड़ पर चढ़ने लगे।

---

### पत्नी का पता बताने वाले को 20 हजार इनाम

## पति बोला-प्रेमी के साथ भागी, 5 साल पहले की थी लव मैरिज



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शादीशुदा महिला लापता हो गई है। पति का कहना है कि वह प्रेमी के साथ भागी है। अब पति ने पत्नी और उसके प्रेमी का पता बताने वाले को 20 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, गमेकेला निवासी फिली भगत (21) की शादी मुड़ाबहाल में रहने वाली सीमा भगत से साल 2019 में हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। उनका एक बेटा भी है।

**खेत जाने की बात कहकर घर से निकली थी:** 18 अक्टूबर की सुबह सीमा भगत खेत की ओर से आ रही हूं कहकर घर से निकली थी। लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। पति ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला सका। इसके बाद उसने 19 अक्टूबर को लैलूंगा थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**सोशल मीडिया पर हुई जानकारी:** पति फिली भगत अपने स्तर पर पत्नी की तालाश कर रहा था। इसी बीच उसे पता चला कि, वो अपने किसी प्रेमी के साथ भाग गई है। प्रेमी ने सोशल मीडिया पर उसके साथ फोटो पोस्ट किया था। जिसकी जानकारी लगने के बाद उसने दोनों का पता बताने वाले का मौखिक रूप से 20 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

**दीदी की शादी में हुई थी मुलाकात:** फिली भगत ने बताया कि, सीमा के साथ उसकी मुलाकात ग्राम मुड़ाबहाल में उसकी दीदी की शादी में हुई थी। दोनों बातचीत करने लगे और प्यार हो गया। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। वो मैकेनिक काम काम करता है। जिस युवक के साथ सीमा भगत भागी है, वो रूडुकेला का रहने वाला है।

---

# रेत घाट पर खनिज विभाग का छापा

## 2 चेन माउंटेन सील, 3 हाईवा जब्त, झाड़ियों में छुपा दी थी मशीन



**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में रेत माफिया के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन लिया है। बोरिद और विरोड़ा घाट पर शनिवार की रात खनिज विभाग की टीम ने दबिश दी। मौके पर 2 चेन माउंटेन मशीन को सील किया गया और 3 हाईवा जब्त की गई है।

राजिम तहसील के सुखा नदी में विरोड़ा और बोरिद में राजधानी के रेत माफिया अवैध रेत खादान संचालन कर नाक में दम कर दिया था। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने राजनीतिक रसूखदारों के खदानों पर कार्रवाई करवाई।

**बोरिद और विरोड़ा रेत खदान पहुंचकर छापेमारी:** जिला माइनिंग अधिकारी फागुलाल नागेश ने आखिरकार पिछले एक माह से चल रहे अवैध खदान को बंद करा दिया। टीम ने शनिवार आधी रात को बोरिद और विरोड़ा खदान पहुंच छापेमारी की। बोरिद खदान राजधानी के राजनीतिक रसूख वाले रेत माफिया संचालन कर रहे थे।

**चेन माउंटेन को दूर झाड़ियों में छिपा दिया:** टीम की आने की भनक लगी तो ठेकदार अपने पार्टनर के साथ खदान पर पहुंच गए थे। चेन माउंटेन को दूर झाड़ियों में छिपा दिया था। कार्रवाई के दौरान माफिया रौब दिखाते रहे। वहां मौजूद मीडियाकर्मियों को भी देख लेने की धमकी देते रहे। अधिकारियों ने टॉर्च की रोशनी में दोनों खदान में छिपाए चेन माउंटेन को ढूंढ निकाला और सील कर दिया। साथ ही अवैध परिवहन में लगे तीन हाईवा को भी जब्त कर लिया है।

**8 हजार से भी ज्यादा घन मीटर रेत की चोरी:** पिछले 15 दिनों में माफिया ने दोनों खदान से 8 हजार से भी ज्यादा घन मीटर रेत की चोरी कर सरकार को लाखों का चुना लगा दिया है। जिस तरह परसाद जोशी में अवैध खनन की माप कर 80 हजार घन मीटर की चोरी की एवज में जिम्मेदारों से 4 करोड़ की वसूली की जा रही है, वैसी ही कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**सत्ता बदली पर माफिया वही:** बोरिद के खदान में कार्रवाई के दौरान अपनी ऊंची पहुंच का धौंस दिखा रहे दोनों माफिया राजधानी रायपुर के हैं। पिछले पांच साल से इस इलाके के खदानों को लीज में ले रहे हैं। बताया जाता है कि सत्ता किसी की भी हो ये माफिया जिले में दखल रखने वाले राजनेताओं को मोटी रकम कमीशन के तौर पर देकर सेट कर लेते हैं। फिर उन्हीं का धौंस देकर प्रशासन से सीनाजोरी करते हैं।

---

### अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक सस्पेंड

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में स्कूली छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले टीचर को सस्पेंड कर दिया गया। मामला जिले के सकरी पूर्व माध्यमिक स्कूल का है।

जहां छात्राओं ने शिक्षक राम मूरत कौशिक पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया था। इस मामले की शिकायत कलेक्टर अवनीश शरण से भी की गई थी।

कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी थी। जांच में सामने आया कि शिक्षक कौशिक पर लगाए गए आरोप सही हैं।

जिसके बाद संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग ने कौशिक को सस्पेंड कर दिया। कौशिक को विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तखतपुर में अटैच किया गया है।

---

### बिलासपुर से मुंबई के लिए चलेगी दिवाली स्पेशल ट्रेन

## त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ी डिमांड, रेलवे ने 29 अक्टूबर को दी सुविधा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने त्योहारी सीजन में छत्तीसगढ़ के यात्रियों को स्पेशन ट्रेन की सुविधा दी है। दिवाली पर 29 अक्टूबर को बिलासपुर से मुंबई तक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसका फायदा रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव के साथ ही प्रदेश भर के यात्रियों को मिलेगा।

दरअसल, त्योहारी सीजन में नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। इसके चलते ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल रहा है। ऐसे में दिवाली त्योहार में ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई है। रेल प्रशासन की ओर से यात्रियों के सफर आसान बनाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने और सुविधा देने का दावा कर रहा है।

**29 को चलेगी बिलासपुर से मुंबई स्पेशल ट्रेन:** रेलवे प्रशासन ने एलटीटी मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन की सुविधा एक फेरे के लिए मिलेगी। यह ट्रेन बिलासपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए 08293 नंबर के साथ 29 अक्टूबर को रवाना होगी।

इसी प्रकार लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बिलासपुर के लिए 08294 नंबर के साथ 30 अक्टूबर को छूटेगी। इस ट्रेन में दो एसएलआर/एसएलआरडी, चार सामान्य, 10 शयनयान, दो एसी-3, दो एसी-2 कोच की सुविधा मिलेगी।

---

# जगदलपुर-रायपुर रूट पर 'उड़ान' कल से बंद

## यात्री नहीं मिलने के चलते इंडिगो प्रबंधन का फैसला, पुणे-चेन्नई के लिए अब रोज फ्लाइट






**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-रायपुर रूट पर चल रही फ्लाइट सुविधा कल (28 अक्टूबर) से बंद हो रही है। बताया जा रहा है कि यात्री नहीं मिलने के कारण विमान कंपनी को नुकसान हो रहा था। इसे देखते हुए इंडिगो प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। वहीं कल से ही अब पुणे और चेन्नई के लिए रोज फ्लाइट शुरू हो रही है।

रायपुर के लिए फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को उड़ान भरती थी। फ्लाइट हैदराबाद-जगदलपुर और जगदलपुर-रायपुर, फिर रायपुर-जगदलपुर और जगदलपुर-हैदराबाद के लिए चलती थी। इंडिगो को रायपुर के लिए 60 प्रतिशत यात्री ही मिल रहे थे। हालांकि हैदराबाद, जबलपुर, बिलासपुर और दिल्ली के लिए कंपनी सेवाएं जारी रखेगी।

**अभी पुणे-चेन्नई के लिए 4 दिन ही थी फ्लाइट:** अब तक इंडिगो सप्ताह में चार दिन ही उड़ान का संचालन कर रही थी। इसमें चेन्नई-रायपुर- पुणे-रायपुर-चेन्नई के लिए सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को उड़ान का संचालन हो रहा था। ष्ठत्रष्ट से अनुमति मिलने के बाद कंपनी ने टिकटों की बिक्री शुरू कर दी है।

विंटर शेड्यूल और त्योहारी सीजन के साथ ही चेन्नई और पुणे के लिए रोजाना फ्लाइट मिलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। प्रदेश के हवाई यात्री लंबे समय से चेन्नई और पुणे के लिए नियमित उड़ान की मांग कर रहे थे। 27 अक्टूबर के लिए चेन्नई-रायपुर का किराया 15 हजार और रायपुर-चेन्नई का 5100 रुपए में उपलब्ध है।

**आखिरी दिन जगदलपुर से 73, रायपुर से 68 यात्रियों ने किया सफर:** शुक्रवार 25 अक्टूबर को इंडिगो ने जगदलपुर से रायपुर के लिए अपनी आखिरी उड़ान भरी थी। इस फ्लाइट से हैदराबाद से 68 पैसेंजर जगदलपुर पहुंचे और यहां से 74 यात्री रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर से 66 यात्री जगदलपुर आए और यहां से 62 यात्री हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे।

**इसी साल हुई थी शुरू उड़ान:** इंडिगो ने रायपुर रूट पर इसी साल से अपनी सेवा शुरू की थी। शुरुआत में काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा था। लोगों को भी उम्मीद थी कि इंडिगो अब लंबे समय तक अपनी सेवा देगी, लेकिन पिछले 7 महीने में सिर्फ 60 से 68 प्रतिशत कारोबार रहा है। जिसके चलते कंपनी ने सेवा बंद करने का निर्णय लिया है।

**लोगों को नुकसान:** इंडिगो की सेवा बंद होने से बस्तर के लोगों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रायपुर तक हवाई सेवा करने के बाद लोगों को आगे अन्य राज्य जाने बड़ी आसानी से कनेक्टिंग फ्लाइट मिल जाती थी। ऐसे में लोगों का समय बचता था। फ्लाइट बंद किए जाने के निर्णय से लोगों में काफी नाराजगी भी है।

# 50 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं। इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं। उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। मंत्री बोले- धमकी देने वाले नो फ्लाइंग लिस्ट में डाले जाएंगे केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है। कानूनों में बदलाव किए जाएंगे। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे लोगों को नो फ्लाइंग लिस्ट में भी डाला जाएगा। हम आने वाले दिनों में इसकी घोषणा करेंगे।

# मन की बात का 115वां एपिसोड-डिजिटल अरेस्ट पर पीएम बोले- फ्रॉड कॉल आने पर रुको, सोचो और फिर एक्शन लो




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मन की बात के रविवार को 115वें एपिसोड में पीएम नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा- कॉल आते ही रुकें। घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी निजी जानकारी न दें। स्क्रीन शॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। दूसरा चरण है- सोचो। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर धमकी नहीं देती, वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करती, न पैसे मांगती है। अगर ऐसा है तो समझिए कुछ गड़बड़ है। इसके बाद तीसरा चरण एक्शन लो फॉलो करें। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें। पिछले महीने इस प्रोग्राम के 10 साल पूरे हुए हैं। इससे पहले शनिवार को पीएम मोदी के मन की बात पर एक किताब मोदी संवाद का विमोचन भी किया गया। एनिमेशन और वर्चुअल टूरिज्म पर एनिमेशन सेक्टर आज ऐसी इंडस्ट्री बन चुका है कि जो दूसरी इंडस्ट्रीज को ताकत दे रहा है। इन दिनों ङ्कक्र टूरिज्म बहुत फेमस हो रहा है। वर्चुअल टूर के जरिए अजंता की गुफाएं देख सकते हैं। कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं, या फिर, वाराणसी के घाटों का आनंद ले सकते हैं। टूरिस्ट डेस्टिनेशन का ङ्कक्र टूर लोगों के मन में जिज्ञासा पैदा करता है। आज इस सेक्टर में एनिमेटर्स, स्टोरी टेलर्स, राइटर्स, वॉइस ओवर एक्सपर्ट्स, म्यूजिशियन और गेम डेवलपर्स की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए, देश के युवाओं से कहूंगा कि अपनी क्रिएटिविटी को विस्तार दें। छोटा भीम की तरह दूसरी एनिमेटेड सीरीज कृष्णा, मोटू-पतलू, बाल हनुमान के भी दुनियाभर में प्रशंसक हैं। भारत के एनिमेटेड किरदार और फिल्में अपने कंटेंट और क्रिएटिविटी की वजह से पूरी दुनिया में पसंद की जा रही हैं। भारत एनिमेशन के क्षेत्र में क्रांति लाने की राह पर है। भारत का गेमिंग स्पेस भी तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय खेल भी पूरी दुनिया में मशहूर हो रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान पर आत्मनिर्भरता हमारी पॉलिसी ही नहीं, हमारा पैशन बन चुका है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक जन अभियान बन रहा है। हम हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसी महीने लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी %इमेजिंग टेलीस्कोप ख्रष्टश्व% का भी उद्घाटन किया। ये 4300 मीटर की ऊंचाई पर है। जानते हैं इसकी भी खास बात क्या है- यह मेड इन इंडिया है। बिरसा मुंडा-सरदार पटेल की जयंती पर मेरे जीवन के सबसे यादगार पल क्या रहे, तो कितने ही वाकये याद आते हैं। लेकिन इसमें भी एक पल खास है। वो पल था जब पिछले साल मैं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गांव गया।

# कानपुर में दृश्यम मूवी देखकर महिला की हत्या

**कानपुर ( एजेंसी )।** कानपुर के डीएम आवास कैंपस में शनिवार रात कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता की लाश दफन मिली। महिला को 4 महीने पहले जिम ट्रेनर ने किडनैप किया, बाद में कार में उसकी हत्या कर दी थी। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम से आइडिया लेकर शव को हाई सिक्योरिटी वाले डीएम आवास कैंपस में दफना दिया। शनिवार को जिम ट्रेनर विमल सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया 24 जून को ही एकता की हत्या कर दी थी। हमने डीएम से बात करने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। जिम ट्रेनर विमल ने पुलिस को बताया- एकता और मेरे बीच नजदीकी थी। जिम ट्रेनिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी थी। इस बीच मेरी शादी तय हो गई। तिलक हो गया। इससे एकता नाराज थी। वह नहीं चाहती थी कि मैं शादी करूं। इस वजह से एकता को रास्ते से हटाने की प्लानिंग की थी। हत्या से पहले मैंने 15-18 बार अजय देवन की दृश्यम मूवी देखी। मैं अक्सर जिम में ही मूवी देखता था। 24 जून को एकता जिम से निकली तो मैंने कार से उसका पीछा किया। रास्ते में उसे कार में बैठाया। एकता ने मुझसे पूछा कि शादी क्यों कर रहे हो? इसके बाद मेरी उससे हॉट-टॉक हुई। गुस्से में मैंने उसके गले में पंच मारा। वो बेहोश हो गई। कुछ देर बाद जब मैंने चेक किया तो वो मर गई थी।

# जयशंकर बोले- चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना अगला स्टेप



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं।

पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया।

दूसरा- पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है।

दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

18 अक्टूबर- देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी।

# मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़, 10 यात्री घायल, 2 की हालत गंभीर

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना देर रात दो बजे हुई। मुंबई से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन जब प्लेटफार्म पर पहुंची तो ट्रेन में चढ़ने की जल्दबाजी में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में कई यात्री जख्मी हो गए। इन सभी यात्रियों को इलाज के लिए भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है त्योहार के समय पर भारतीय रेल में भीड़ होना आम बात है। ऐसे में अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। मुंबई में काम करने वाले लोग बड़ी संख्या में दीपावली के मौके पर अपने घर आते हैं। इनमें अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश और बिहार के होते हैं। इसी वजह से गोरखपुर जा रही ट्रेन में चढ़ने के लिए भगदड़ मची, जिसमें कई लोग घायल हो गए। यह हादसा बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ। ट्रेन संख्या 22921, बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन के निकलने का समय सुबह 5.10 बजे था, लेकिन ट्रेन प्लेटफॉर्म पर 2.55 बजे लग गई। ऐसे में यात्री जल्दी से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगे और इसी वजह से भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में ही कई लोग घायल हुए हैं।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल को भेजा गया था।

# शिवसेना-उद्धव गुट की तीसरी लिस्ट में 5 नाम

**मुंबई ( एजेंसी )।** शिवसेना उद्धव गुट ने शनिवार देर रात पांच और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने हारुन खान को वर्सोवा, संजय भालेराव को घाटकोपर (पश्चिम) और संदीप नाइक को विले पार्ले से मैदान में उतारा है। इनमें से वर्सोवा और घाटकोपर पश्चिम सीट पर कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) ने अपना दावा पेश किया था। वहीं, दहिसर सीट से शिवसेना नेता अभिषेक घोसालकर के पिता विनोद घोसालकर को टिकट दिया गया है। 8 फरवरी, 2024 की रात पूर्व पार्षद अभिषेक घोसालकर की गोली मार कर हत्या की गई थी।

# शाह बोले- 2026 में बंगाल में सरकार बनाएंगे



**कोलकाता ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा आज बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बमों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। बंगाल में राज्य सरकार घुसपैठ करा रही है। गाय और कोयले की तस्करी रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में एक करोड़ भाजपा सदस्य बनाने होंगे। भाजपा 2026 में दो तिहाई बहुमत से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी। जब जनता बंगाल में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ेगी, तो बंगाल को कम्युनिस्टों और ममता दीदी के आतंक से मुक्त करने के संकल्प का भी हिस्सा बनेंगे। शाह ने रविवार को कोलकाता में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और मिथुन चक्रवर्ती भी मौजूद थे। बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन शाह ने कहा कि बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन हो रहा है। संदेशखली में महिलाओं पर हमले और आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं इस बात का सबूत हैं। शाह ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती ने मुझे बताया था कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को वोट नहीं करने देते हैं टीएमसी ने साल 2021 में जीत की हैट्रिक लगाई थी पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। साल 2021 के चुनाव में टीएमसी ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। ममता की पार्टी को 213 सीटें मिली थीं। भाजपा को 77 सीटें हासिल हुई थीं। कांग्रेस-लेफ्ट का खाता भी नहीं खुला था।


# मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़, 10 यात्री घायल, 2 की हालत गंभीर

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना देर रात दो बजे हुई। मुंबई से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन जब प्लेटफार्म पर पहुंची तो ट्रेन में चढ़ने की जल्दबाजी में भगदड़ मच गई।

इस भगदड़ में कई यात्री जख्मी हो गए। इन सभी यात्रियों को इलाज के लिए भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है त्योहार के समय पर भारतीय रेल में भीड़ होना आम बात है। ऐसे में अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। मुंबई में काम करने वाले लोग बड़ी संख्या में दीपावली के मौके पर अपने घर आते हैं। इनमें अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश और बिहार के होते हैं। इसी वजह से गोरखपुर जा रही ट्रेन में चढ़ने के लिए भगदड़ मची, जिसमें कई लोग घायल हो गए। यह हादसा बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ।


# सरकारी स्कूल की महिला टीचर के साथ दुष्कर्म का आरोपी प्रिंसिपल गिरफ्तार

**भीलवाड़ा ( एजेंसी )।** जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में एक महिला टीचर के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसी क्षेत्र के एक स्कूल के प्रिंसिपल ने दोस्ती के आड़ में संबंध बढ़ाने की कोशिश की और एक मौके पर नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने महिला के निजी फोटो और वीडियो बना लिए, जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया।पीड़िता के विरोध करने पर प्रिंसिपल ने उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। गुरुवार को एक स्कूल कार्यक्रम में प्रिंसिपल ने महिला के साथ बदसलूकी करते हुए धक्का-मुक्की भी की, जिससे पीड़िता भयभीत हो गई और मजबूरन पुलिस का सहारा लिया।शिकायत मिलने पर बड़लियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने आरोपी प्रिंसिपल को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि महिला विवाहित है और आरोपी प्रिंसिपल अविवाहित, दोनों एक ही नोडल में होने के कारण लंबे समय से संपर्क में थे।

# बोले- सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं

**पुणे ( एजेंसी )।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा- हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मेच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। ष्टछ्वढ्ढ या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता। अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है, जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।



# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की साजिश लॉरेंस के भाई ने रची



**मुंबई ( एजेंसी )।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कनाडा में बैठे भाई अनमोल ने रची। टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया, हत्याकांड के आरोपी रामफूल कंजोइया और नितिन सप्रे से पूछताछ के दौरान अनमोल की साजिश रचने वाली बात सामने आई। अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह उर्फ डब्बू के जरिए हमले को अंजाम दिया। उसे शुक्रवार (25 अक्टूबर) को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से हथियार भी जब्त किया गया है। डब्बू ही अनमोल और शूटर्स के बीच का लिंक था। उसने राजस्थान से हथियारों का इंतजाम कर शूटरों तक पहुंचाए थे। 12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन इससे एक महीने पहले डब्बू ने सिद्दीकी के घर की भी रेकी कराई थी। पुलिस को संदेह है कि अनमोल ने 3 संदिग्ध शूटर्स को स्नैपचैट के जरिए बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीशान की तस्वीरें पहुंचाईं। मुंबई पुलिस ने बताया कि शूटरों ने करजत-खोपोली रोड के पास एक जंगल में निशानेबाजी का अभ्यास भी किया था। पुलिस के मुताबिक, शूटरों ने बाबा सिद्दीकी को निशाना बनाने से पहले रायगढ़ जिले में एक झरने के पास पेड़ पर गोली चलाने की प्रैक्टिस की थी। आरोपियों ने प्रैक्टिस के दौरान पेड़ पर पांच से दस गोलियां चलाईं। ये प्रैक्टिस शूटर्स ने इस साल सितंबर में की थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी राम कनौजिया ने पूछताछ के दौरान बताया कि सबसे पहले उसे ही एनसीपी नेता की हत्या का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था और उसने इसके लिए एक करोड़ रुपए मांगे थे। पुलिस ने कहा कि इससे पहले गिरफ्तार आरोपियों में से एक के फोन में बाबा सिद्दीकी के बेटे ज़ीशान सिद्दीकी की एक तस्वीर मिली थी, जिसे आरोपी को स्नैपचैट के जरिए उसके हैंडलर ने भेजा था।

# इरफान पठान को कहा जाता है स्विंग का सुल्तान, 28 की उम्र में खत्म हो गया था करियर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आज यानी की 27 अक्तूबर को भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह एक सामान्य मध्यम परिवार से ताल्लुक रखते थे। तमाम वित्तीय असफलताओं के बाद भी इरफान पठान की प्रतिभा निखरकर सामने आई। उन्होंने खुद को सबसे महत्वपूर्ण स्विंगर्स में से एक के रूप में स्थापित किया। बता दें कि इरफान पठान गेंदबाजी के अलावा शानदार बल्लेबाजी भी करते हैं। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म:** गुजरात के बड़ौदा में 27 अक्तूबर 1984 को इरफान पठान का जन्म हुआ था। वडोदरा की गलियों से खेलते हुए इरफान ने टीम इंडिया में अपनी जगह बनाई। छोटे से घर में खेलते हुए वह अपनी स्विंग के दम पर सिर्फ 19 साल की उम्र में टीम इंडिया में जगह बनाने में सफल रहे।

**भारतीय टीम में हुए शामिल:** टीम इंडिया में शामिल होने के बाद भारत को पाकिस्तान में कामयाबी मिली। वहीं टी20





वर्ल्ड कप का चैंपियन बनने में भी योगदान दिया। हालांकि जिस उम्र में अन्य गेंदबाज इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखते हैं, उस उम्र में इरफान बाहर हो गए। उनके फॉर्म में गिरावट आई और लगातार चोटिल रहने के कारण उनकी मुश्किलें बढ़ती चली गईं। एक समय पर वसीम अकरम और कपिल देव से इरफान पठान की तुलना होती थी। जिसके बाद भी वह 50 टेस्ट भी नहीं खेल सके।

महज 19 साल की उम्र यानी की साल 2003-04 में इरफान ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने पहले चार विकेटों में स्टीव वॉ, मैथ्यू हेडन, एडम गिलक्रिस्ट और रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों को पवेलियन भेज दिया। इरफान ने स्विंग के जरिए काफी शोहरत हासिल की। जिस कारण उनको स्विंग का सुल्तान कहा गया था। पाकिस्तान के दौरा पर इरफान की कमाल की बॉलिंग से भारत को वनडे व टेस्ट सीरीज में जीत दिलाई।

जनवरी 2006 में इरफान पठान ने इतिहास रच दिया था। टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले इरफान पठान दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। इरफान ने पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट के पहले ओवर में यूनिस खान, सलमान बट्ट और मो. यूसुफ को आउट कर दिया था। फिर पाकिस्तान दौरे पर इरफान ने धोनी के साथ मिलकर 210 रन की साझेदारी की। इस खेल के बाद उनको भारत का अगला ऑलराउंडर कहा जाने लगा। हालांकि साल 2006 के आखिरी कर वह टीम से बाहर हो गए।

चोटों और फॉर्म में गिरावट के चलते इरफान पठान को टीम से अंदर-बाहर होना पड़ा। उनके करियर में लगातार यही सिलसिला चलता रहा। फिर साल 2012 में वह आखिरी बार भारत के लिए खेले थे। साल 2013 में वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन वह खेले नहीं। इरफान पठान ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच 28 साल की उम्र में खेला था। उन्होंने भारत के लिए 29 टेस्ट में 1105 रन बनाए और 100 विकेट लिए।

## 1 नवंबर से शुरू होगा भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा व आखिरी मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा. इस सीरीज में भारतीय टीम 0-2 से हार चुकी है. मगर, आखिरी मैच में जीत हासिल कर सीरीज को 1-2 के साथ खत्म करना चाहेगी. तो आइए आपको इस मैच से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी जानकारी के बारे में बताते हैं.

न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद अब भारतीय मैनेजमेंट ने रख्त रुख अपनाया है. दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर से शुरू होने वाला है. मगर, इससे पहले टीम इंडिया के लिए 2 दिन का ट्रेनिंग सेशन रखा गया है, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है. बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है. भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज अब तक निराशाजनक रही है. बेंगलुरु में मिली हार के बाद उम्मीद थी कि टीम इंडिया वापसी करेगी और पुणे में जीत हासिल करेगी. लेकिन, दूसरे टेस्ट में भी भारत को हार का सामना करना पड़ा. नतीजन, अब टीम इंडिया सीरीज हार चुकी है. अब इस सीरीज का आखिरी मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 1 नवंबर से खेला जाएगा।

## ऑगर-अलियासिमे पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे

**पेरिस ( एजेंसी )।** कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लेने की घोषणा की है। ऑगर-अलियासिमे को पहले दौर में बेन शेल्टन से खेलना था, जिसमें विजेता को दूसरे दौर में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से भिड़ना था।

ऑगर-अलियासिमे ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने पेरिस में खेलने के लिए खुद को फिट रखने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्य से इस साल ऐसा नहीं हो सका। बेसल के दौरान मेरी पीठ में कुछ दर्द होने के बाद, मैंने कुछ परीक्षण कराए और अभ्यास करने का प्रयास किया, इससे पहले कि मैं यह निष्कर्ष निकालूं कि मैं पेरिस में उस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हो पाऊंगा, जिसकी मुझे उम्मीद थी।यह कहने के बाद, यह सीज़न का एक कड़वा-मीठा अंत है और मैं 2025 में एक मजबूत शुरुआत के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक होने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने जा रहा हूं। हम चलते रहेंगे।

इस सप्ताह, ऑगर-अलियासिमे स्विस इंडोर्स के दूसरे दौर में एमपेट्शी पेरीकार्ड से हार गए, जिससे उनका लगातार तीसरा स्विस इंडोर्स खिताब जीतने का प्रयास समाप्त हो गया। वे वर्तमान में 31-24 के रिकॉर्ड के साथ एटीपी वर्ल्ड नंबर 19 हैं और इस साल कोई एकल खिताब नहीं जीत पाए हैं।

## विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने खेल मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के उसके कामकाज में सरकारी हस्तक्षेप का हवाला देकर आगामी विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस मामले को सुलझाने की मांग की। डब्ल्यूएफआई के फैसले से प्रभावित 12 पहलवान मंत्री के आवास पर पहुंचे और उनसे हस्तक्षेप करने के लिए कहा। इनमें से कुछ पहलवानों के माता-पिता भी उनके साथ थे। बारह गैर ओलंपिक वर्ग की विश्व चैंपियनशिप 28 अक्टूबर




से अल्बानिया के तिराना में होनी है। अब जबकि इस प्रतियोगिता के शुरू होने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब पहलवानों ने अदालत में याचिका भी दायर करने की कोशिश की लेकिन उन्हें वहां पहुंचने में देर हो गई। मनीषा भानवाला (65 किग्रा) ने पीटीआई से कहा, ''हम खेल मंत्री के आवास पर आए हैं। हमें विश्वास है कि वह हमारी बात को सुनेंगे। हमारी क्या गलती है जो हमें इतनी बड़ी प्रतियोगिता में खेलने से वंचित किया जा रहा है।'' डब्ल्यूएफआई ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया था। उसने कुश्ती की विश्व संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को बताया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है।

## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे- मैकडोनाल्ड

**सिडनी ( एजेंसी )।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद



वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मैकडोनाल्ड ने कहा,''मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी।'' भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।''

मैकडोनाल्ड ने कहा,''लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।'' ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा,''हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेंगे और अगरइसमें कोई युवा खिलाड़ी शामिल होता है, तो हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यदि चयनकर्ताओं को लगता है कि वह सबसे अच्छा विकल्प है तो हम उसे मौका देंगे।

## रोहित-विराट जैसे सीनियर्स की भी दीवाली छुट्टी कैंसिल!

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया हार गई है. अब सीरीज का तीसरा व आखिरी मैच 1 नवंबर से खेला जाने वाला है. इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रही है कि टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट काफी स्ट्रिक्ट हो गया है और 30-31 अक्टूबर को प्रैक्टिस सेशन अटैंड करना सभी के लिए कंपलसरी कर दिया गया है. ऐसे में दीवाली पर रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित पूरी टीम प्रैक्टिस करेगी, किसी को भी आराम नहीं दिया जाएगा. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर को शुरू होगा. मगर, इससे पहले 2 दिन टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन होंगे, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है. बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है.सूत्र का कहना है कि, टीम मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों को 30 और 31 अक्टूबर को 2 दिन की प्रैक्टिस के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा है. यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता.

## पेरिस ओलंपिक की जर्सी पहने विधानसभा पहुंचीं विनेश फोगाट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेसलर से नेता बनी विनेश फोगाट ने शुक्रवार को अपने राजनीतिक करियर की आधिकारिक शुरुआत की। विनेश चुनाव के बाद पहली बार विधानसभा पहुंची और इस दौरान उनके कपड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जो विनेश सूट सलवार में नजर आईं। शपथ लेने के लिए उन्होंने पेरिस ओलंपिक की जर्सी को चुना। उनके इस फैसले से ये सवाल भी खड़ा हो रहा है कि किया विनेश फोगाट रेसलिंग से संन्यास के फैसले पर यू टर्न लेंगी। विनेश फोगाट के लिए पेरिस ओलंपिक एक बुरा सपना साबित हुआ था। वह फाइनल मुकाबले खेलने से पहले डिस्क्वालिफाई हो गईं थीं। इसके बाद भारत लौटने से पहले ही उन्होंने कुश्ती से संन्यास का ऐलान किया था। हालांकि, उन्होंने उसी जर्सी को पहनकर अपने विधानसभा के सफर की शुरुआत करने का फैसला किया। विनेश से जब इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने जवाब में जो कहा उससे फैंस की उम्मीद बढ़ गई है कि विनेश रेसलिंग में वापसी कर सकती है। मैं खिलाड़ी हूं और खिलाड़ी ही रहना चाहते हैं। जो खिलाड़ियों की भावना होती है उसी के साथ आज यहां आई हूं।



## टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा का कमाल, डब्ल्यूटीसी चैंपियंस के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने डब्ल्यूटीसी चैंपियंस भी इतिहास रच दिया। सालों से भारतीय टेबल टेनिस की पोस्टर गर्ल रही मनिका ने शनिवार को इस अहम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। मनिका ने फ्रांस के मोंटपेलियेर में चल रहे टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में महज 29 मिनट में जीत हासिल की। वहीं मनिका का सामना रोमानिया की 14वीं रैंकिंग वाली बर्नाडेट से था। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने 29 मिनट में 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से जीत दर्ज की। उन्होंने पेरिस ओलंपिक प्री-क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अब बत्रा का सामना चीन की कियान तियांयी से होगा। कियान ने अपनी हमवतन वांग यिडी को 11-7, 11-9, 13-11 से हराया। मनिका बत्रा ने बुधवार को एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की लिली झेंग को 3-0 से हराकर महिला सिगल्स प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। पेरिस ओलंपिक के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। इस बार भी उन्होंने महज 22 मिनट से भी कम समय में 11-4, 11-8, 12-10 से आसान जीत दर्ज की थी।



## भारत ने न्यूजीलैंड को रोमांचक 3-3 से ड्रॉ पर रोका




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 . 3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिये गोल किये जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिये हैट्रिक लगाई। भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किये लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। न्यूजीलैंड के लिये पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढत बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर बनाये लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड के लिये तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढत 3 . 2 की कर दी। भारत ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका गंवाया। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।

# देश और प्रदेश के खिलाडियों ने विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा से पदक जीते हैं : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 35वें विद्या भारती खेल प्रतियोगिता का किया समापन

### सरकार जनता के साथ मिलकर दीवाली और गोवर्धन पूजा मनायेगी














**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 35वें विद्या भारती खेल प्रतियोगिता का समापन करते हुए कहा कि हमारे देश में खेलों की अनूठी परंपरा है। शतरंज, कुश्ती, तीरंदाजी और घुड़सवारी जैसे खेल यहां सदियों से खेले जाते रहे हैं। वर्तमान समय में मध्यप्रदेश और देश अलग दौर से गुजर रहे हैं। अब पढाई के साथ-साथ खेलों को भी पूरा महत्व दिया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश के खिलाडियों ने विश्व स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाकर पदक जीते हैं। पेरिस ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम ने मध्यप्रदेश के भी खिलाडी विवेक सागर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से हम सब में प्रतिस्पर्धा की भावना, साहस और धैर्य का संचार होता है। मध्यप्रदेश में खेलों को बढावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने 15 पदक जीते, यूथ गेम तथा वाटर स्पोट्र्स में प्रदेश को चौथा स्थान मिला। खेलों को बढावा देने के लिए सतना में 15 करोड रूपये की लागत से खेल महाविद्यालय बनाया जायेगा। सरस्वती स्कूल में एथलेटिक्स के सिंथेटिक ट्रैक के लिए 7 करोड रूपये दिये जायेंगे। स्कूल की बाउंड्री बाल का निर्माण जिला खनिज मद से 1.25 करोड रूपये की लागत से कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने मिलकर मकर संक्रान्ति, गुडी पडवा और रक्षाबंधन का पर्व मनाया है। सरकार जनता के साथ मिलकर दीपावली और गोवर्धन पूजा का पर्व मनाएगी। हमने इस वर्ष दशहरे में भी शस्त्र पूजा की परंपरा को आगे बढाया। मैंने तथा सभी मंत्री साथियों ने अलग-अलग स्थानों में शस्त्र पूजा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रानी अहिल्याबाई का 300वां जन्म जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। रानी अहिल्याबाई ने कुशलतापूर्वक शासन करने के साथ देश के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर तीर्थ यात्रियों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण कराया। उन्होंने ही बनारस में बाबा विश्वनाथ के वर्तमान मंदिर का भी निर्माण कराया। हमारे देश का इतिहास रानी दुर्गावती की गौरव गाथा से भरा हुआ है। रानी दुर्गावती ने 51 युद्ध जीते और इसके बाद शहीद हुई। इसी तरह रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई जैसे वीरनारियों ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्या भारती के संगठन मंत्री रामअलाउकर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ्य मन का विकास होता है। बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, कौशल का होना भी आवश्यक है। खेल हमें प्रतिस्पर्धा की भावना और जीत का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देने के साथ हार और असफ्लता की सीख भी देते हैं। खेल हमारे जीवन को अनुशासित करते हैं। विद्या भारती की अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता में देश भर के 1300 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियनशिप पूर्वी उत्तरप्रदेश को प्राप्त हुई। इसमें दूसरा स्थान पश्चिम भारत तथा तीसरा स्थान पश्चिमोत्तर भारत को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरूस्कार प्रदान किये। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढी लोक नृत्य और बघेली देवी गीत तथा नृत्य से सबका मन मोहा। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण समारोह में विद्या भारती से जुडे विभिन्न राज्यों के खिलाडी निर्णायक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना जिले में दो दिवसीय प्रवास के दौरान विद्या भारती अखिल भारतीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन किया। समारोह से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में सहभागिता निभाई। मन की बात में प्रधानमंत्री जी ने लोकल फार वोकल की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में आत्मनिर्भर भारत अभियान को अच्छी सफ्लता मिली है। कभी हम मोबाइल फोन बाहर से मंगाते थे। आज मोबाइल बनाने वाला भारत दुनिया का दूसरा सबसे बडा देश है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 28 अक्टूबर को विश्व एनीमिशेन दिवस मनाया जायेगा। एनीमिशेन की दुनिया में भारत तेजी से विकास कर रहा है। एनीमिशेन कैरेक्टर तथा मूवी बनाने में भारत के कई प्रतिभाशाली एनीमेटर्स कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्म जयंती वर्ष तथा 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुण्डा के 150वें जयंती वर्ष शुरू हो रहे हैं। इनका भारत के निर्माण और विकास में अतुलनीय योगदान है।

कार्यक्रम में सभागार में मुख्यमंत्री जी के साथ नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा तथा बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम ने चाय बनाई, कूटा अदरक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पत्नी सीमा के साथ चित्रकूट में हैं। यहां वे एक चाय की दुकान में पहुंचे। उन्होंने अदरक कूटा और फिर चाय बनाई। तभी उनकी पत्नी ने कहा, मुझे तो कभी चाय बनाकर नहीं पिलाई। इस पर सीएम बोले- ये हमारी बहन है तुम थोड़ी हो। बहन के लिए चाय बनाएंगे।

दरअसल, सीएम डॉ. यादव चित्रकूट में दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे यहां शनिवार को पत्नी के साथ पहुंचे थे। रविवार सुबह भगवान कामदगिरि का पूजन कर सीएम ने पांच कोसी परिक्रमा की शुरुआत की। परिक्रमा के दौरान राधा कृष्ण मंदिर के नीचे चाय की दुकान चलाने वाली राधा ने उन्हें चाय पीने के लिए आमंत्रित किया।सीएम दुकान पर पहुंच गए। उन्होंने गैस चूल्हे पर चाय चढ़ाई। फिर अदरक कूटकर डाली। उनकी पत्नी सीमा ने भी सहयोग किया। इसके बाद सीएम ने वहां मौजूद लोगों को चाय छानकर पिलाई। इससे पहले शनिवार को सीएम रामनाथ आश्रम शाला पहुंचे। यहां बच्चों ने लाठी घुमाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## पुलिस ने 28 युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

### मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की थी कोशिश, शाम को रिहा कर दिया



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सतना प्रवास के दौरान काले झंडे दिखाने वाले युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें बीच रास्ते से ही उठाकर थाने ले गई।

युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सतना आए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विरोध करने की कोशिश की। रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में महिला के साथ हुई दरिंदगी पर नाराजगी जताते हुए सीएम को काले झंडे दिखाने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू अपने साथियों के साथ निकले थे, लेकिन सिविल लाइन के पास ही पुलिस ने उनका रास्ता रोक लिया।

**28 प्रदर्शनकारियों को पकड़ा:** युकांई पुलिस से झूमाझटकी कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। जिसपर पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें पकड़ा और गिरफ्तार कर थाना ले गई। इस दौरान युकांईयो ने जमकर नारेबाजी की और प्रदेश सरकार पर महिला सुरक्षा के मामले में असफलता के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी 28 युकांईयो को पुलिस ने शाम साढ़े 4 बजे तक सिटी कोतवाली में अभिरक्षा में रखा। सीएम के सतना से प्रस्थान करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

थाना ले जाए गए प्रदर्शनकारियों में जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू, प्रदेश सचिव विक्रांत त्रिपाठी स्वतंत्र मिश्रा प्रदेश, महासचिव एनएसयूआई आनंद पांडेय, राहुल सोनी टोनू, जिला कांग्रेस महामंत्री नागेश्वर प्रसाद शुक्ला, उपाध्यक्ष नरेंद्र सोनू रैकवार, पार्षद सुरेंद्र चौधरी, रामजस प्रजापति, युवराज सिंह तोमर, विश्वजीत सिंह, छोटू फैजल खान फैज़ल खान, रमन मिश्रा, लाल शर्मा,अफजल खान और हुसैन खान शामिल रहे।

# सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खण्ड-खण्ड किये गये भारत को अखण्ड भारत बनाया : मुख्यमंत्री

## दुग्ध उत्पादक किसानों को दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से मिलेगा बोनस

### सरदार पटेल के किसान कल्याण की भावना का ही मूर्त रूप है अमूल दुग्ध संघ






**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सतना में सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य समारोह में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेज पूरे देश में शासन नहीं करते थे। अंग्रेजों के साथ देश के बडे विभाग पर देशी राजाओं का शासन था। देश को आजाद करते समय अंग्रेजों ने इसे खण्ड-खण्ड करने का प्रयास किया। इस प्रयास को विफ्ल करके सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अखण्ड भारत का निर्माण किया। रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल की प्रतिभा, साहस और कौशल का बहुत बडा उदाहरण है। सरदार पटेल ने ही सोमनाथ मंदिर और द्वारिकाधीश मंदिरों को जीर्णोद्धार कराया। सरदार पटेल ने अपने कार्यों से देश की सनातनी परंपरा को गौरवान्वित किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने गरीबों और किसानों के लिए जीवन भर कार्य किया। सरदार पटेल के किसानों के कल्याण के सपने के रूप में गुजरात में दुग्ध उत्पादक संघ अमूल का गठन और विकास हुआ। इसने पूरे देश में श्वेत क्रांति ला दी। अमूल किसानों के सहयोग और सहकार से बना संगठन है। अमूल दुग्ध उत्पादक किसानों को अच्छी गुणवत्ता का पशु आहार, दुधारी पशुओं को बीमा सुरक्षा का लाभ तथा दीवाली पर किसानों को लाखों का बोनस देता है। मध्यप्रदेश में भी दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण के लिए बोनस दिया जायेगा। यह मध्यप्रदेश के किसानों के लिए सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता के साथ मिलकर दीवाली तथा गोवर्धन पूजा मनायेंगी। यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान राम मुस्कुरा रहे हैं। हम सब हर्षोल्लास से दीवाली मनाकर अपना जीवन खुशियों से भरेंगे। उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण तथा बनारस में बाबा विश्वनाथ लोक का निर्माण हुआ है। उसी तरह चित्रकूट में श्रीराम लोक का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण गठित करके प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। मैहर में मां शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा। अयोध्या की तरह मथुरा भी जगमग होगा। मुख्यमंत्री ने सतना में नगर निगम के सहयोग से लाईब्रेरी के संचालन, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटर तथा छात्रावास बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हमने साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी है। अब किसानों को जमीन के नक्शे, खसरे और नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। आधुनिक संचार सुविधा के माध्यम से उन्हें घर बैठे इसकी सुविधा मिलेगी। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सतना और मैहर जिले के नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन ने ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक अपने संगठन का बहुत अच्छा विस्तार किया है। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि सरदार पटेल जैसी महान विभूति ने देश के निर्माण और एकात्म मानववाद की भूमिका में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल के आदर्शो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए केवडिया गुजरात में विश्व का सबसे बडी प्रतिमा स्टेचू ऑफयूनिटी देश में स्थापित की।

## कोठी में आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या

### घर के बाहर चबूतरे पर मिली लाश, जीआरएस पति पर संदेह



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले के कोठी थाना इलाके में रविवार को एक आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या कर दी गई। उसकी लाश घर के बाहर चबूतरे में औंधे मुंह पड़ी मिली। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में मृतका का पति संदेह के दायरे में है।

जानकारी के मुताबिक कोठी थाना अंतर्गत मौहार गांव के छिटिया मोहल्ले में एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार की दोपहर उसके घर के बाहर बने पत्थर के चबूतरे पर औंधे मुंह पड़ा मिला।

**पति पर हत्या करने का संदेह:** मृतका की पहचान सीता चौधरी पति कमलेश चौधरी (32) के रूप में की गई है। वह आंगनबाड़ी सहायिका थी, जबकि उसका पति कमलेश ग्राम रोजगार सहायक है। पति-पत्नी परिवार से अलग एक घर में रहते थे। जिस वक्त शव मिला उस वक्त से ही मृतका का जीआरएस पति कमलेश लापता है। पत्नी की हत्या का संदेह उस पर जताया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलने पर कोठी थाना पुलिस के अलावा नागौद एसडीओपी विदिता डागर भी मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**पति दूसरी शादी करना चाहता था:** प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि मृतका और उसके पति का अक्सर झगड़ा होता रहता था। कमलेश अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। शादी के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी उनका कोई बच्चा नहीं था, जिसके कारण कमलेश दूसरी शादी करना चाहता था। सीता इस पर ऐतराज जताती थी, लिहाजा दोनों के बीच विवाद होता था। ये तथ्य पुलिस को ग्रामीणों और मृतिका के मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ के दौरान सामने आए हैं। उधर वारदात के बाद से ही पति के लापता होने के कारण उस पर संदेह और गहरा गया है। पुलिस जांच के साथ-साथ कमलेश की तलाश भी कर रही है।

## खदान के पानी में डूबने से बालक की मौत

### रामनगर के हरदुआ में हुआ हादसा, ट्यूशन के बाद दोस्तों के साथ गया था नहाने



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार को अवैध खदान में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज, मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, मैहर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ जागीर में खुली पड़ी एक अवैध खदान के पानी में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकुश विश्वकर्मा पिता सूर्यभान विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 3 रामनगर के रूप में हुई है। अंकुश का पिता कम्प्यूटर सेंटर का संचालन करता है।

बताया जाता है कि अंकुश अपने तीन अन्य साथियों समेत ट्यूशन गया था। लौटते वक्त वे हरदुआ स्थित खदान नहाने पहुंच गए। चारों को तैरना नहीं आता था लिहाजा वे घुटने तक पानी में ही खड़े होकर डुबकी लगाने लगे ,इसी बीच अंकुश पानी के अंदर ही सरक गया और डूब गया। उसके साथियों ने भाग कर इसकी जानकारी गांव वालों को दी। पुलिस को भी सूचना दी गई और लोग उसे तलाशने पानी में भी कूदे। लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला जा सका तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंकुश की सांसें थम चुकी थीं।

बताया जाता है कि अंकुश के पिता सूर्यभान रामनगर में आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर चलाते हैं। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है।

## मुख्यमंत्री ने सपत्नीक किये भगवान कामतानाथ के दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना जिले के चित्रकूट प्रवास के दौरान रविवार को चित्रकूट में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान कामतानाथ मंदिर में सपत्नीक पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सपत्नीक कामदगिरि की परिक्रमा भी की। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार भी उनके साथ उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिक्रमा पथ में सरयू धारा के समीप रामधुन और भजन गा रहे श्रद्धालु से कुशलक्षेम पूछी और उपहार राशि भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कामदगिरि परिक्रमा पथ में राधा बाई उर्फममता सोनी की चाय की दुकान पर रूककर स्वयं चाय बनाई और साथ में परिक्रमा कर रहे जनों को चाय दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं भी परिक्रमा पथ की चाय का स्वाद लिया। उन्होंने परिक्रमा पथ पर घूम रहे बालगोपाल स्वरूप बच्चों शारदा यादव और पवन सेन को पास बुलाकर खिलौनों का उपहार दिया।

## मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में स्थानीय उत्पाद खरीद कर किया आनलाइन पेमेंट

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना जिले के चित्रकूट प्रवास के दौरान रविवार को चित्रकूट में लोकल फॉर वोकल को बढावा देने के उद्देश्य से स्थानीय उत्पाद खरीद कर ऑनलाइन पेमेंट किया। उन्होंने परिक्रमा पथ पर कामता प्रसाद गुप्ता की प्रसाद की दुकान से गोबर कास्ठ से बने दीपक और बाती भी खरीदी। मुख्यमंत्री ने आनलाइन पेमेंट करते हुए कहा कि कैश नहीं, अब कैशलेस पेमेंट का जमाना है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।